महानगर नई दिल्ली बुधवार 25 दिसंबर, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

# चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पद पर मुहर

## जनरल बिपिन रावत बनाए जा सकते हैं पहले सीडीएस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

सुरक्षा मामलों पर मंत्रिमंडल समिति ने चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के सृजन को मंगलवार को मंजूरी प्रदान कर दी। सीडीएस सरकार के लिए एकल सैन्य सलाहकार के तौर पर काम करेंगे। 1999 में गठित कारगिल समीक्षा समिति ने सरकार को एकल सैन्य सलाहकार के तौर पर चीफ आफ डिफेंस स्टाफ के सृजन का सुझाव दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को घोषणा की थी कि भारत में तीनों सेनाओं के प्रमुख के रूप में सीडीएस होगा। सरकार अगले कुछ दिनों में पहले सीडीएस की नियुक्ति कर सकती है और सेना प्रमुख विपिन रावत का नाम इस पद के लिए सबसे आगे बताया जा रहा है, जो 31 दिसंबर को बाकी पेज 8 पर



*अगले* कुछ दिनों में पहले सीडीएस की नियुक्ति हो सकती है और सेना प्रमुख विपिन रावत का नाम इस पद के लिए सबसे आगे बताया जा रहा है, जो 31 दिसंबर को सेना से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

*सीडीएस* अन्य सेना प्रमुखों के समान ही होंगे। हालांकि, प्रोटोकाल की सूची में सेना प्रमुखों से वरिष्ठ होंगे।

# जनगणना 2021 और एनपीआर को मंजूरी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को भारत की जनगणना 2021 और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के उन्नयन (अपडेट) को मंजूरी प्रदान दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। भारत में जनगणना 2021 की कवायद के लिए 8,754.23 करोड़ रुपए के खर्च को मंजूरी दी गई। एनपीआर के उन्नयन के लिए 3,941.35 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

**जनगणना के लिए पौने नौ हजार करोड़ और एनपीआर के लिए चार हजार करोड़ रुपए मंजूर**

एनपीआर अप्रैल और सितंबर 2020 के बीच असम को छोड़कर देश के अन्य सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होगा। यह जनगणना कार्य के साथ होगा। असम को इससे अलग इसलिए रखा गया है क्योंकि वहां पहले ही राष्ट्रीय नागरिक पंजी का कार्य हो गया है। जनगणना 2021 दो चरणों में होगी। इसमें पहले चरण में घर की सूची या घर संबंधी गणना होगी, जो अप्रैल से सितंबर 2020 तक होगी। इसका दूसरा चरण नौ फरवरी से 28 फरवरी 2021 में होगा। इसकी संबद्धता तिथि एक मार्च 2021 होगी। बर्फबारी वाले जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में संबद्धता तिथि एक अक्तूबर 2020 होगी।

सूचना व प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बताया कि जनगणना के लिए कोई लंबा फार्म नहीं भरना होगा। बाकी पेज 8 पर

### मुख्य बातें

- *एनपीआर* अप्रैल और सितंबर 2020 के बीच
- *जनगणना* का पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2020 तक, दूसरा चरण नौ फरवरी से 28 फरवरी 2021 तक
- *जनगणना* के लिए मोबाइल ऐप बनाया गया
- *एनपीआर* में किसी सबूत, दस्तावेज और बायोमीट्रिक की जरूरत नहीं : जावड़ेकर
- *एनपीआर* योजना से सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान का लक्ष्य



*प्रधानमंत्री* नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

## मारुति के पूर्व प्रबंध निदेशक खट्टर के खिलाफ मामला दर्ज

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (भाषा)।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने मारुति उद्योग के पूर्व प्रबंध निदेशक जगदीश खट्टर के खिलाफ बैंक ऋण धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि खट्टर की नई कंपनी ने बैंक ऋण धोखाधड़ी की है।

सीबीआइ ने हाल में दर्ज प्राथमिकी में खट्टर और उनकी कंपनी कारनेशन ऑटो इंडिया लि. के खिलाफ पंजाब बाकी पेज 8 पर

## प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल का रास्ता रोक कर लौटाया

कोलकाता, 24 दिसंबर (भाषा)।

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को यादवपुर विश्वविद्यालय में प्रवेश करने से रोक दिया। इसके बाद राज्यपाल ने इस घटना के बारे में कहा कि 'कानून का शासन पूरी तरह खत्म हो गया है।' राज्यपाल विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में भाग लेने गए थे।

ममता बनर्जी सरकार के साथ चल रही रस्साकशी के बीच धनखड़ विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां बाकी पेज 8 पर



## दिवाला कानून में संशोधन के लिए अध्यादेश मंजूर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिवाला व ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आइबीसी) में एक और संशोधन के लिए अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। इससे इस कानून को लेकर कुछ चीजों को बेहतर तरीके से स्पष्ट करने में मदद मिलेगी। इससे पहले आइबीसी में तीन बार संशोधन किया जा चुका है। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दिवाला व ऋणशोधन बाकी पेज 8 पर

## एनपीआर और एनआरसी में मूलभूत अंतर : शाह



जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सफाई दी कि राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर) राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) में दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों में मूलभूत अंतर है। एनपीआर जनसंख्या का रजिस्टर है। इसके आधार पर अलग-अलग योजनाओं के आकार बनते हैं। बाकी पेज 8 पर

## भारत की अर्थव्यवस्था गंभीर सुस्ती के दौर में : आइएमएफ

वाशिंगटन, 24 दिसंबर (भाषा)।

भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय गंभीर सुस्ती के दौर में है और सरकार को इसे उबारने के लिए तत्काल नीतिगत उपाय करने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आइएमएफ) ने यह बात कही है।

सोमवार को जारी रिपोर्ट में आइएमएफ के निदेशकों ने लिखा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में हाल के वर्षों में जो जोरदार विस्तार हुआ है, उससे लाखों लोगों को गरीबी से निकालने में मदद मिली। हालांकि, 2019 की पहली छमाही में विभिन्न कारणों से भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सुस्त पड़ी है।

आइएमएफ एशिया और प्रशांत विभाग में भारत के लिए मिशन प्रमुख रानिल सलगादो ने कहा कि भारत बाकी पेज 8 पर

## कश्मीर से अर्द्धसैनिक बलों की 72 टुकड़ियां हटाने का फैसला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जम्मू और कश्मीर से अर्द्धसैनिक बलों की 72 टुकड़ियों (7200 जवान) को हटाने का फैसला किया है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद हालात को नियंत्रण में रखने के लिए भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई थी। कश्मीर को लेकर गृह मंत्रालय ने स्थिति की समीक्षा करने के बाद सुरक्षा बलों की टुकड़ियां कम करने का फैसला किया।



पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद संभावित विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए घाटी में केंद्र सरकार ने कई पाबंदिया लगा दी थी, जिन्हें धीरे-धीरे बहाल किया बाकी पेज 8 पर

### अंदर के पन्नों पर

#### सीएए के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट में याचिका



संशोधित नागरिकता कानून को लेकर उठे विवाद में सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। - खबर पेज 5 पर

#### हेमंत सोरेन 29 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने मंगलवार की रात आठ बजे राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू से मिलकर प्रदेश में सरकार बनाने का दावा पेश किया। -खबर पेज 8 पर

#### दिल्ली : दूरसंचार सेवाएं बंद करने के खिलाफ याचिका



दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को वह याचिका स्वीकार करने से इनकार कर दिया जिसमें आरोप लगाया गया कि राष्ट्रीय राजधानी में सीएए के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए दूरसंचार सेवाओं को बंद कर दिया गया। -खबर पेज 8 पर









www.readwhere.com





(25 दिसम्बर, 1924 - 16 अगस्त, 2018)

"यह अटल जी का अनुकरणीय नेतृत्व था, जिसने 21वीं शताब्दी के मजबूत एवं खुशहाल भारत की नींव रखी। उनकी दूरदर्शी नीतियों ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्येक भारतीय के जीवन को छुआ है।"

- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



राष्ट्रवाद के प्रणेता, सुशासन के संवाहक 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री

# अटल बिहारी वाजपेयी जी की 96वीं जयन्ती पर शत्-शत् नमन

## श्रद्धापूर्ण स्मृति में अटल बिहारी वाजपेयी जी की 25 फीट ऊँची कांस्य प्रतिमा (लोक भवन प्रांगण) का अनावरण

एवं

## अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ (चक गंजरिया, सुल्तानपुर रोड) का शिलान्यास

# नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

| | | |
|---|---|---|
| **आनंदीबेन पटेल**<br>राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | **योगी आदित्यनाथ**<br>मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | **राजनाथ सिंह**<br>रक्षामंत्री, भारत सरकार |
| **हृदय नारायण दीक्षित**<br>अध्यक्ष, विधानसभा | **केशव प्रसाद मौर्य**<br>उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | **डॉ. दिनेश शर्मा**<br>उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश |
| **सुरेश कुमार खन्ना**<br>मंत्री, वित्त, संसदीय कार्य<br>चिकित्सा शिक्षा, उत्तर प्रदेश | **डॉ. नीलकंठ तिवारी**<br>राज्य मंत्री, पर्यटन, संस्कृति, धर्मार्थ कार्य (स्वतंत्र प्रभार)<br>एवं प्रोटोकॉल (MOS), उत्तर प्रदेश | **संदीप सिंह**<br>राज्य मंत्री, वित्त, प्राविधिक शिक्षा<br>चिकित्सा शिक्षा, उत्तर प्रदेश |

**दिनांकः 25 दिसम्बर, 2019 | समयः अपराह्न 2:45 बजे | स्थानः लोक भवन प्रांगण, लखनऊ**

कार चालक सीट बेल्ट अवश्य पहनें।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

www.readwhere.com

### दिल्ली सरकार ने पांच साल के रिपोर्ट कार्ड में खुद को बताया पास

# हमें सभी एजंसियों ने दी क्लीनचिट : केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की जांच एजंसियों ने आम आदमी पार्टी सरकार को हर जांच में क्लीनचिट दिया है। यह ठोक बजाकर कह सकता हूं कि 'आप' दिल्ली की आजादी के बाद सबसे ईमानदार सरकार है। सीएजी व सीबीआइ जैसी केंद्रीय जांच एजंसियों ने दिल्ली सरकार को क्लीनचिट दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के हर काम पर विरोधियों की सीधी नजर थी और हमारे विरोधियों ने ही 'आप' सरकार को बेहतर कार्य का प्रमाणपत्र दिया। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के पांच साल के कार्यकाल की रिपोर्ट कार्ड जारी किया।




केजरीवाल ने कहा कि यह सेवक की जिम्मेदारी है कि अपने कामकाज की रिपोर्ट दे। आज से 5 साल पहले जनता ने नई किस्म की राजनीति की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि मैने अपनी जनता का सीना चौड़ा किया है और ऐतिहासिक काम हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कॉमनवेल्थ व सीएनजी घोटला होता था। अब लोग दिल से टैक्स देते हैं। सीएजी के ऑडिट के बाद सामने आया कि सरकार मुनाफे में चल रही है जबकि हमने जनता से टैक्स वसूल नहीं किया। पूर्व सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों ने शिक्षा के क्षेत्र का 70 साल में कबाड़ा कर दिया। आज पांच साल के कामों की चर्चा हर क्षेत्र में हो रही है। सरकार ने काम 6600 करोड़ के बजट को बढ़ाकर 15600 करोड़ किया। सरकारी स्कूल के परीक्षा परिणाम सुधरे हैं और 5 साल में स्कूलों में फीस नहीं बढ़ने दी।

अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि आम जनता को अच्छा मुफ्त इलाज मिल रहा है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट 3500 करोड़ से बढ़ाकर 3700 करोड़ किया है। जनता की सुविधा के लिए 400 मोहल्ला क्लीनिक खोले हैं। दिल्ली मे बिजली का सिस्टम सुधरा है। मौसम में आए बदलाव के बाद आम जनता के शून्य बिल बढ़े हैं। इस समय 31 लाख उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले रहे हैं। इसी प्रकार 200-400 यूनिट का लाभ 12 लाख उपभोक्ताओं ने लिया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पूरे देश में केवल दिल्ली में ही 24 घंटे बिजली आती है। 2014 में 7-8 घंटे कटौती होती थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में पानी का बुरा हाल था। टैंकर भेजे जाते थे। 70 साल में जानबूझ कर पानी की लाइन नहीं दी। करीब 14 लाख लोगों को मुफ्त पानी मिलता है। परिवहन सेवाएं सुधारने के लिए 4300 बसें आने का सिलसिला शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा का काम शुरू किया। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और महिलाओं का टिकट मुफ्त किया है। कच्ची कॉलोनी में कांग्रेस-भाजपा दोनों ने जनता को धोखा दिया।

## 'आप' का रिपोर्ट कार्ड धोखे का प्रतीक : भाजपा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी का रिपोर्ट कार्ड दिल्ली की जनता के साथ किये गये धोखे का प्रतीक है। इस रिपोर्ट कार्ड से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर दिल्ली की जनता को गुमराह करने की कोशिश की है। 70 वादे कर 74 झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री रिपोर्ट कार्ड में अपनी ही सरकार का गुणगान कर रहे थे।

मनोज तिवारी ने सवाल किया कि 500 नए स्कूल और 20 नए कॉलेज कहा हैं। जिनका आम आदमी पार्टी ने वादा किया था। दिल्ली में लगभग 21 लाख छात्र है और इनके लिए शिक्षकों की भारी कमी है। मुख्यमंत्री को 20 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति करनी थी लेकिन कार्यकाल दिल्ली सरकार ने एक भी शिक्षक नियुक्त नहीं किया गया। क्लासरूम बनाने के नाम पर दिल्ली सरकार ने शिक्षा के नाम पर 2 हजार करोड़ से भी अधिक का घोटाला किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली के अस्पतालों में मूलभूत सुविधाएं नहीं है। एक आरटीआई की जानकारी के अनुसार रोगी कल्याण समिति में फंड जस का तस पड़ा रहा। आम आदमी पार्टी के विधायकों ने अपने निजी विज्ञापनों के लिए इस फंड का इस्तेमाल किया। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में आइसीयू बेड, वेंटीलेटर, मानिटर, इंफ्यूशन पम्प, ब्लड बैंक और गैस पाइपलाइन जैसी जरूरी सुविधाएं तक नहीं हैं।

विधानसभा में विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जो रिपोर्ट कार्ड पेश किया वह झूठ और भ्रम का पुलिंदा है। ज्यादातर वादे हवा हवाई साबित हुए हैं। लोकसभा 2019 के चुनावों तक मुख्यमंत्री यही कहते रहे कि प्रधानमंत्री और उप राज्यपाल उन्हें काम नहीं करने दे रहे।

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने खुद ही मान लिया है जो घोषणा पत्र 2015 में जारी किया था और जो रिपोर्ट कार्ड आज जारी किया है, उसमें जमीन-आसमान का फर्क है। उन्होंने सवाल किया कि घोषणापत्र के 70 वायदों का क्या हुआ ? उन्होंने आरोप लगाया कि असल में तो इनका नारा, अच्छे बीते 5 साल -लगे रहो केजरीवाल की जगह अच्छे बीते 5 साल -आपने काटा खूब माल होना चाहिए।

## झुग्गी वालों को दिल्ली सरकार ने दिए प्रमाणपत्र

**नई दिल्ली।** 65 हजार झुग्गी वालों को उनके झुग्गी के नजदीक ही घर बनाकर दिया जाएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इन झुग्गी वालो को सर्वेक्षण का प्रमाणपत्र दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके बाद कोई भी इन झुग्गी को तोड़ नहीं सकेगा। यह कार्यक्रम आंबेडकर नगर में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि शेष रह गए लोगों को भी सर्वे कराकर प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस के बाद कोई झुग्गी को कोई तोड़ नहीं सकता है। **(जनसत्ता संवाददाता)**

## जाम से राहत दिलाएगा आश्रम फ्लाईओवर-अंडरपास

**नई दिल्ली।** आश्रम को जाम से राहत दिलाने के लिए एक नया फ्लाईओवर व अंडरपास तैयार होगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस योजना का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के लागू होने से नोएडा-गाजियाबाद समेत दक्षिणी दिल्ली वालों को राहत होगी। इस लाइन पर आम जनता को जाम से जूझना पड़ता था। यह प्रोजेक्ट दिल्ली को जाम से राहत देगा और इस पर 128.25 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आश्रम चौक पर सुबह - शाम जाम लगता है और 30 - 45 मिनट का एक ही लाइट पर लग जाता था। उन्होंने कहा कि इस जाम में कई बार वे खुद फंसे हैं। **(जनसत्ता संवाददाता)**

## नौसेना अधिकारी के बेटे से ऑटो सवार बदमाशों ने की लूटपाट

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 24 दिसंबर।

मुंबई में तैनात एक नौसेना के अधिकारी के बेटे को ऑटो सवार बदमाशों ने मारपीट कर लूट लिया। बदमाशों ने नकदी, लैपटॉप समेत अन्य सामान लूटा। घटना को अजांम देने के बाद बदमाश उन्हें थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में फेंककर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस से की है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, मुंबई में रहने वाले सुबोध जीत दत्ता अपनी कंपनी के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नोएडा आए हुए हैं। वह नोएडा के एक होटल में ठहरे हुए हैं। उनके पिता समरजीत दत्ता मुंबई में नौसेना में अधिकारी हैं। उनकी मां भी सेना में कार्यरत हैं। सोमवार रात को वह कंपनी की एक पार्टी में शामिल होने के लिए सेक्टर-18 स्थित डीएलएफ मॉल गए थे। रात करीब 12 बजे वह वहां से बाहर निकले और होटल जाने के लिए एक ऑटो रिक्शा में सवार हो गए। इसके बाद चालक ने दो और लोगों को बिठा लिया। कुछ दूर आगे चलने के बाद चालक व अन्य लोगों ने सुबोध को कब्जे में ले लिया और मारपीट कर उनसे लैपटॉप, मोबाइल, पांच हजार रुपए समेत अन्य सामान लूट लिया। इसके बाद थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में उतार कर बदमाश भाग गए। इसके बाद उन्होंने किसी तरह पुलिस से संपर्क किया।

# जिलाधिकारी का फर्जी छुट्टी का आदेश वायरल करने वाले दो छात्रों को बाल सुधार गृह भेजा गया

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 24 दिसंबर।

*स्कूल* के विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी शिविर कार्यालय पर किया प्रदर्शन

*सिटी* मजिस्ट्रेट और जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्रों को आश्वासन देकर लौटाया

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर का फर्जी दो दिनों की छुट्टी का आदेश सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में थाना सेक्टर-20 पुलिस ने 12वीं के दो छात्रों को मंगलवार को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। इसके विरोध में बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र सेक्टर-27 जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर बैठ गए हैं। कैंप कार्यालय पर रोते हुए छात्रों ने पकड़े गए छात्रों को माफ करने की गुहार लगाई है। आरोपी दोनों विज्ञान वर्ग के छात्र हैं। दो दिन बाद प्रयोगात्मक परीक्षाएं हैं।

जिलाधिकारी का फर्जी ट्विटर अकाउंट बनाकर रविवार को पोस्ट किया गया था। इससे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच हुआ है। जबकि डीएम बीएन सिंह के मुताबिक उनकी तरफ से छुट्टी से संबंधित कोई संदेश या पत्र जारी नहीं किया गया है। इसके बाद एसएसपी वैभव कृष्ण ने थाना सेक्टर-20 पुलिस को जांच का आदेश दिया। जांच में सोमवार देर रात सेक्टर-12 स्थित स्कूल के दो छात्रों को पकड़ लिया गया।

पूछताछ में छात्रों ने बताया कि उन्होंने मस्ती करने के लिए डीएम गौतम बुद्ध नगर का फर्जी ट्विटर अकाउंट बनाया। फिर फर्जी लेटर पेड पर छुट्टी होने की बात लिखकर वायरल कर दिया। दोनों छात्रों के पुलिस की गिरफ्त में होने का पता चलने पर मंगलवार को उनके साथी छात्रों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। सौ अधिक विद्यार्थी पहले थाना सेक्टर 20 पहुंचे। जहां पता चला कि दोनों को फेज टू स्थित बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। इसके बाद सभी छात्र डीएम कैंप कार्यालय पहुंचे। काफी अभिभावकों ने भी बच्चों को बाल सुधार गृह भेजने को सही निर्णय नहीं माना है। आरोपी छात्रों के साथियों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से छोड़ने की मांग की है।

एसएचओ थाना सेक्टर- 20 के मुताबिक दोनों छात्रों के खिलाफ धारा 419, 420 और 566 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट शैलेंद्र मिश्र और जिला विद्यालय निरीक्षक नीरज कुमार पांडेय भी पहुंचे। उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि उन्हें छोड़ दिया जाएगा तब प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थी घर को लौटे।

## कानून बनाकर किया जाए तदर्थ शिक्षकों का समायोजन : डूटा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से डीयू में कार्यरत सभी अस्थायी और तदर्थ शिक्षकों समायोजन करने के लिए अधिनियम बनाने की मांग की है।

डूटा की ओर से डीयू के उत्तर परिसर में इस मामले में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजीब रे, संयुक्त सचिव प्रेम चंद, कोषाध्यक्ष आभा देव हबीब आदि उपस्थित थे। अध्यक्ष राजीब रे ने कहा कि चार दिसंबर से शिक्षक अपनी मांगों के लिए डीयू के कुलपति कार्यालय के बाहर दिन रात कड़ाके की ठंड में हड़ताल कर रहे हैं। पांच दिसंबर को एचआरडी के प्रतिनिधियों से मुलाकात करते हुए मंत्रालय की ओर से यह समाधान निकाला गया था कि जब तक डीयू में शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी नहीं होती है, तब तक तदर्थ शिक्षकों, अस्थायी शिक्षकों को नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि हमने अपनी मांगों के लिए 18 दिसंबर को यूजीसी के कार्यालय के बहार भी प्रदर्शन किया गया था और इनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। तब तदर्थ शिक्षकों के समायोजन की मांग को लेकर आश्वासन दिया गया था। 27 दिसंबर को शिक्षक संघ की संचलान समिति की बैठक है।

ऐक्सिस बैंक — आधिपत्य नोटिस

रिटेल एसेट्स सेंटर : प्रथम तल, जी-4/5, बी, सेक्टर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ-226010
कारपोरेट आफिस : तृतीय तल, ब्लाक-बी, बाम्बे डाइंग मिल्स कम्पाउण्ड, पाण्डुरंग बुधाकर मार्ग, वर्ली मुम्बई-400 025
रजिस्टर्ड आफिस : 'त्रिशूल', तृतीय तल, समराथेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380 006

जबकि अधोहस्ताक्षरी, ऐक्सिस बैंक लि0 के प्राधिकारी, ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रीकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एवं एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इन्फोर्समेन्ट) रूल, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग नोटिस जारी किये गये। उक्त वर्णित उधारकर्ता राशि का भुगतान करने में असफल रहे है, अतः एवं उक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से एवं सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उन्हें उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **कब्जा** ले लिया है। उपरोक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के साथ कोई सौदा न करें तथा उक्त सम्पत्ति के साथ किया जाने वाला कोई सौदा **ऐक्सिस बैंक लि0** के साथ उक्त नोटिस में वर्णित वार्षिक ब्याज, अनुषंगी व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि समेत से प्रभावी, मॉर्टगेज के विषयाधीन होगा। ऋणी/सह-ऋणी/बन्धकर्ता एवं जमानतकर्ता का ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13(8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि तय समय सीमा में बन्धक सम्पत्ति को रीडीम (मोचन) कर सकते हैं।

| क्र. सं. | ऋणी/सह-ऋणी एवं जमानतकर्ता का नाम एवं पता | सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति) | कुल बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | **मोहम्मद उमर (ऋणी)**, पुत्र मो0 यामीन **मोहम्मद अबूबकर (सह-ऋणी)** पुत्र मो0 यामीन निवासी म0नं0-213, खालापार पुलिस स्टेशन, कोतवाली नगर, निकट मर्नीजी रोड, मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 भारत - 251001 | स्थित म0नं0 662 मोहल्ला-रहमत नगर, खालापार, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश भारत 251001 जो कि **मो0 उमर** के नाम **क्षेत्रफल-67.72 वर्ग मी0** **चौहद्दी: पूर्व:** रिजवान का मकान, **पश्चिम** : सड़क, **उत्तर** : सड़क, **दक्षिण:** विक्रेता की सम्पत्ति | रू. 14,61,939.00 दिनांक 19.09.2019 + देय ब्याज व अन्य खर्चे<br>**देय सूचना की तिथि : 19.09.2019**<br>**कब्जा दिनांक : 19.12.2019** |
| 2. | **श्री सुखदेव (ऋणी)**, पुत्र सुरेश चन्द यादव निवासी मोहम्मदपुर नाडायगुर निकट वाटर टैंक फिरोजाबाद, उ0प्र0 भारत -283141 एवं : निवासी म0नं0 675 मेहराबाद लेबर कालोनी स्टेशन रोड जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश-205135 | स्थित 658वीं/1 मौजा मेहराबाद गाटा नं0 521 मेहराबाद पूर्वी वार्ड नं0 9 तहसील शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद, जो कि **सुखदेव** के नाम **क्षेत्रफल-167.28 वर्ग मी0** **चौहद्दी: पूर्व:** विक्रेता की भूमि, **पश्चिम** : रास्ता, **उत्तर** : प्लाट विनोद कुमार, **दक्षिण:** भारत सिंह का प्लाट | रू. 15,04,724.95.00 दिनांक 01.05.2019 + देय ब्याज व अन्य खर्चे<br>**देय सूचना की तिथि : 29.05.2019**<br>**कब्जा दिनांक : 19.12.2019** |

दिनांक : 24.12.2019, स्थान : लखनऊ (प्रा0 अधिकारी) एक्सिस बैंक लि0

समक्ष माननीय मध्यस्थ श्री पी.डी. सुधाकर
एस.डी.ए. 8, दूसरा तल सैक्टर 45, नौएडा-201303
उपस्थिति हेतु सम्मन, दिनाक 03.01.2020 को 11:30 बजे प्रातः


| क्रमांक | वाद संख्या | CASE TITLE/ के मामले में: | उपस्थिति की तिथि | Defaulter/प्रतिवादी |
|---|---|---|---|---|
| | | शिवालिक मर्केन्टाइल कोआपरेटिव बैंक लि. V/s | | (समुदाय आयोजक/गारंटर/अन्य) |
| 1 | S78/19 | Anjali & Others | 03.01.2020 | 1. सुश्री अंजलि D/o श्री अमरपाल, R/o H.No. 10, गांधी नगर, आंशिक नगर पंचायत, सरधना, जिला मेरठ, पिन न.- 250342 **(समुदाय आयोजक)**<br>2. श्री अमर पाल सिंह, R/o H.No. 10, गांधी नगर, आंशिक नगर पंचायत, सरधना, जिला मेरठ, पिन न.- 250342 (गारंटर)<br>3. श्री रवि प्रकाश, R/o- गांधी नगर, आंशिक नगर पंचायत, सरधना, जिला मेरठ, पिन न.- 250342 (गारंटर) |
| 2 | S80/19 | Sweety Pundir & Others | 03.01.2020 | 1. श्रीमती स्वीटी D/o श्री प्रेम सिंह, R/o- ग्राम झबीरन, पोस्ट बडगाव, जिला सहारनपुर, पिन न.-247453 **(समुदाय आयोजक)**<br>2. श्रीमती स्वीटी W/o गौरव राना R/o- ग्राम व पोस्ट- भारी, दिनारपुर, जिला सहारनपुर, पिन न.- 247452 **(समुदाय आयोजक)**<br>3. श्री प्रेम सिंह S/o स्व. नौबत सिंह R/o- ग्राम झबीरन, पोस्ट बडगाव, जिला सहारनपुर, पिन न.-247453 (गारंटर)<br>4. श्रीमती सुशीला W/o प्रेम सिंह, R/o- ग्राम झबीरन, पोस्ट बडगाव, जिला सहारनपुर, पिन न.- 247453 (गारंटर) |
| 3 | 219/19 | Saurav Diwedi & Others | 03.01.2020 | 1. श्री कप्तान दिवेदी S/o मुशी लाल, R/o पोस्ट एवं गांव - नौंक, थाना-बघौली, हरदोई, यू.पी., पिन न. 241122 (गारंटर) |

उक्त बैंक ने आप के विरुद्ध एक वाद मध्यस्थता हेतु प्रस्तुत किया था। जो की आपको अपना पक्ष लिखित रूप में प्रस्तुत करने के लिये **दिनांक 03.01.2020 को 11:30 बजे प्रातः एस.डी.ए. 8, दूसरा तल सैक्टर 45, नौएडा-201303** पते पर उपस्थित होने के लिये निर्देशित किया जाता है। उक्त अगली तिथि व समय पर आपके उपस्थित न होने पर एकपक्षीय सुनवाई करते हुए, तदनुसार इस वाद का निपटारा किया जायेगा।
आदेश, (मध्यस्थ) Arbitrator

## अकादमिक गतिविधियों को पूरा करने के लिए शिक्षक संघ ने दिए सुझाव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) शिक्षक संघ ने मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रशासन को मानसून सेमेस्टर की अकादमिक गतिविधियों को पूरा करने के लिए कई सुझाव दिए हैं। शिक्षक संघ की ओर से कहा गया है कि बिना किसी समझौते के अकादमिक गतिविधि को पूरा किया जाए।




जेएनयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष डीके लोबियाल एवं सचिव सुरजीत मजूमदार ने बयान जारी कर कहा जनवरी से शुरू होने वाले अगले सेमेस्टर के लिए 20 जनवरी 2020 से कक्षाएं शुरू होंगी। लेकिन इससे पहले मानसून सेमेस्टर से जुड़ी अधूरी गतिविधियों को पूरा किया जाए। 6 से 17 जनवरी 2020 के दौरान मानसून सेमेस्टर की जितनी भी कक्षाओं का नुकसान हुआ है। उन्हें दो हफ्ते के लिए लिया जाए। साथ में शिक्षक संघ ने यभी कहा है कि अगर प्रशासन को छात्रों की चिंता है तो वह इन सुझावों को देखेगा। शिक्षक संघ ने यह भी उम्मीद जताई है कि मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय भी जरूरी भूमिका अदा करेंगे। शिक्षक संघ ने जेएनयू प्रशासन की ओर से दिसंबर की अंतिम सेमेस्टर परीक्षा को वैकल्पिक माध्यमों से कराने पर भी सवाल उठाए। जेएनयू की मंगलवार से सर्दियों की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं।

जेएनयू के छात्रावास की फीस बढ़ोतरी एवं छात्रावास के नए नियमों के विरोध में बीते करीब दो महीने से छात्र आंदोलन कर रहे हैं। इस वजह से कई विद्यार्थियों ने दिसंबर की सेमेस्टर परीक्षा का भी बहिष्कार किया है।



**बड़ा दिन** कनॉट प्लेस के पास पवित्र हृदय महागिरजाघर में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जगमग रोशनी की गई। फोटो : अरुष चोपड़ा

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि पंजाब नैशनल बैंक की तरफ से प्राधिकृत अधिकारी ने सिक्युरिटाईजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में सिक्योरिटी इंटरेस्ट 2002 के साथ 60 दिनों के भीतर नोटिस में निहित रकम की अदायगी हेतु एक डिमांड नोटिस जारी किया था। ऋणी के द्वारा रकम की अदायगी न करने के कारण निम्नलिखित ऋणकर्ता एवं जन साधारण को नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रत्येक खाते के समक्ष अंकित तिथि की उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधोलिखित सम्पत्ति का **सांकेतिक कब्जा दिनांक 23, दिसम्बर, 2019** को ले लिया है। विशेषतः ऋणी एवं जन साधारण को एतद द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे संबंधित परिसम्पत्ति की खरीद फरोख्त न करें तथा इन परिसम्पत्ति के किसी भी क्रय विक्रय के लिए यहाँ नीचे खाते के समक्ष रकम उस पर देय ब्याज के लिए पंजाब नेशनल बैंक के प्रभार अधीन होंगे। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है

| क0 सं0 | शाखा का नाम | खाते का नाम | ऋणकर्ता का नाम और पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण | (13/2)मांग नोटिस की तिथि,मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सांकेतिक कब्जे की तिथि | प्राधिकृत अधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कैलीराम पुर (1473) | श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री नाथू सिंह और श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश<br>404900NC00052355 और 4038009900000573 | श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री नाथू सिंह श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश पताः 56, एफआईटी कॉलेज, गंगापुरम, मवाना रोड, मेरठ, यूपी 250001 | प्राइमरी/कॉलटरल - एक आवासीय मकान निर्मित आवासीय प्लॉट स. 20-ए, खसरा नं. 30 का भाग, क्षेत्रफल 181.15 वर्ग मीटर स्थित गंगापुरम कॉलोनी, राजस्व ग्राम- रजपुरा, मवाना रोड, परगना, तहसील व जिला मेरठ, यूपी. सपत्ति श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश के नाम, सीमायें:-पूर्वः श्रीमती दुहिता कुशवाहा का प्लॉट न. 27 पश्चिमः सड़क 25 फीट चौड़ी उत्तरः श्रीमती जॉली सी. पाल व अन्य का प्लॉट नं. 20 दक्षिणः श्रीमती पदमा तनेजा का प्लॉट नं. 21 | 09.10.2019 रु. 30,32,093/- दिनांक 01.09.2019 से ब्याज व अन्य खर्चे | 23.12.2019 | श्रीमती गरिमा वर्मा |
| 2. | बायपास रोड (6623) | श्री विजय कुमार पुत्र श्री राकेश सिंह<br>662300JH00000119 | श्री विजय कुमार पुत्र श्री रकम सिंह, पताः मकान नं. 158, मुल्तान नगर, मेरठ, यूपी 250001 | एक दक्षिणी मकान नगरपालिका संख्या 158 का भाग क्षेत्रफल 75 वर्गगज, स्थित मुल्तान नगर, राजस्व ग्राम माजरा मालियान, परगना, तहसील और जिला मेरठ, यू. पी. स्वामित्व श्री विजय कुमार पुत्र श्री रकम सिंह, सीमायें:-पूर्वः15'00" / धर्म वीर की संपति, पश्चिम 15'00" / गली, उत्तरः 45'00" / उदयवीर की संपत्ति, दक्षिणः 45'00" / कृष्ण कुमार की संपत्ति | 27.06.2019 रु. 4,37,575/- दिनांक 01.01.2016 से ब्याज व अन्य खर्चे | 23.12.2019 | श्री अजित श्रीवास्तव |

दिनांक:- 24.12.2019 स्थानः- मेरठ प्राधिकृत अधिकारी

## सामाजिक समरसता सम्मेलन का आयोजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

भारत से जो ज्ञान बाहर के देशों को गया है, वह प्रेम, बंधुभाव और समरसता के भाव से गया है। ये विचार पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित सामाजिक समरसता सम्मलेन में व्यक्त किए। इस सम्मेलन का आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय बौद्ध संघ द्वारा किया गया।

जोशी ने कहा कि भारत की संस्कृति में बौद्ध विचारों और विचारकों का बहुत योगदान है। विश्व में आज जो संघर्ष है और हाहाकार है, उसके लिए बुद्ध का समरसता का संदेश बहुत उपयोगी है।

www.readwhere.com

जनसत्ता

25 दिसंबर, 2019

# खतरे की घंटी

साल के आखिरी हफ्ते में भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर एक बार फिर खतरे की घंटी बजी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में साफ-साफ कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था में इस वक्त मंदी का जो माहौल है, वह किसी गंभीर संकट से कम नहीं है और मंदी से उबरने के लिए सरकार को तत्काल नीतिगत कदम उठाने की जरूरत है। आइएमएफ की यह चेतावनी अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत की विफलता को बताने के लिए पर्याप्त है। भारत की अर्थव्यवस्था में मंदी की शुरुआत साल भर पहले हो चुकी थी। लेकिन उस वक्त सरकार मंदी की बात को खारिज करती रही और स्थिति बिगड़ती चली गई। अब विश्व बैंक सहित दुनिया की बड़ी रेंटिंग एजंसियां और यहां तक कि भारत के रिजर्व बैंक ने भी आर्थिक वृद्धि में गिरावट के जो अनुमान व्यक्त किए हैं, वे इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि अर्थव्यवस्था में भारी मंदी है और इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि हाल-फिलहाल इसमें सुधार की कोई उम्मीद नहीं है। इस संकट से निकलने के सरकार को नीतिगत स्तर पर जो काम करना चाहिए, उसका अभी अभाव दिख रहा है। आइएमएफ की चिंता भी इसी को लेकर है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में मंदी के कारण जो भी रहे हों, उनके समाधान अगर वक्त रहते होते रहते तो आज हालात गंभीर नहीं होते। मंदी के जो चक्रीय कारण होते हैं, उनसे निपटना कहीं आसान होता है, लेकिन भारत में समस्याएं सुलझने के बजाय ज्यादा उलझती जा रही हैं। इसीलिए आइएमएफ ने वित्तीय क्षेत्र के सुधार पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि जिस रफ्तार से वित्तीय क्षेत्र में सुधार के बारे में सोचा रहा था, वह उतना तेज हो नहीं पाएगा। इसका मतलब साफ है कि वित्तीय क्षेत्र की हालत सबसे खराब है। सरकारी बैंक एनपीए की समस्या से जूझ रहे हैं। बैंकों को संकट से निकालने के लिए सरकार ने पिछले कुछ सालों में भारी-भरकम पैकेज भी दिए, लेकिन आज भी बैंक लड़खड़ाए हुए हैं। वित्तीय संस्थानों में हुए बड़े घोटालों ने भी अर्थव्यवस्था पर चोट की है। आइएलएंडएफएस के एक लाख करोड़ से ज्यादा घोटाले, पीएमसी, घोटाले, दीवान हाउसिंग फाइनेंस जैसी कंपनियों के हजारों करोड़ के घोटाले बता रहे हैं कि बैंकिंग क्षेत्र के बाद गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्षेत्र भी अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा सरदर्द बन गया है। इन सबका असर यह हुआ है कि बैंक और वित्तीय संस्थानों ने उद्योगों को कर्ज देने से हाथ खींचने शुरू कर दिए हैं। इसलिए छोटे-बड़े उद्योगों में मंदी छाई हुई है।

इस वक्त बड़ी चुनौती बचत, खपत और निवेश के असंतुलन को दूर करने की है। मंदी की मार से त्रस्त ज्यादातर उद्योगों में नौकरियां नहीं हैं और लाखों लोग बिना रोजगार के बैठे हैं। ऐसे में सरकार मांग और उत्पादन बढ़ाने पर जोर देने की बात कर रही है। प्रश्न इस बात का है कि लोगों के पास जब काम नहीं होगा तो खर्च करने को पैसा कहां से आएगा और कैसे बाजार में मांग बनेगी? जब मांग नहीं होगी तो फैक्ट्रियां और कारखाने बनाएंगे क्या? जब औद्योगिक गतिविधियां सुस्त होंगी तो कैसे विकास दर बढ़ेगी? अर्थव्यवस्था की सुस्ती का सबसे बुरा असर तो यह पड़ा है कि राजकोषीय घाटा बढ़ता जा रहा है। विदेश व्यापार चौपट हालत में है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था का जिस तरह बंटाधार हुआ है, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सरकार बार-बार यह दावा रही है कि अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है। पर सवाल है कि फिर क्यों नहीं हम मंदी मार से उबर पा रहे?

# हादसों की सड़क

सड़कों पर दुर्घटनाएं और उसमें होने वाली मौतें चिंता के नए विषय नहीं हैं। लेकिन इस चिंता के मद्देनजर समस्या से निपटने के लिए क्या ठोस पहलकदमी हुई, इसकी सच्चाई हर कुछ समय बाद आती रहती है। स्वास्थ्य पत्रिका लांसेट में सोमवार को प्रकाशित एक ताजा अध्ययन के मुताबिक भारत में 2017 में हुए सड़क हादसों में करीब सवा दो लाख लोगों की मौत हुई। इसके अलावा देश भर में पंद्रह से लेकर उनचालीस साल के बीच की उम्र के लोगों की समय से पहले मौत की सबसे मुख्य वजह के रूप में सड़क दुर्घटना को दर्ज किया गया है। यह तथ्य अपने आप में बताने के लिए काफी है कि अलग-अलग वजहों से होने वाले सड़क हादसों में मरने वालों और इससे जुड़ी व्यापक समस्या को लेकर सरकार की रीति-नीतियां किस कदर उदासीनता की शिकार हैं। इतनी बड़ी तादाद में होने वाले हादसों से न केवल बहुत सारे परिवार टूट जाते हैं, उनके विकास पर उल्टा असर पड़ता है, सामाजिक नतीजे त्रासद रूप से प्रभावित होते हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। सवाल है कि इतने बड़े पैमाने पर होने वाली जन-क्षति को क्या एक गंभीर समस्या के रूप में दर्ज नहीं किया जाना चाहिए?

लांसेट की इस रिपोर्ट में दर्ज यह तथ्य चिंताजनक है कि इन हादसों में मरने वालों में आधे से ज्यादा लोग पैदल यात्री और मोटरसाइकिल सवार थे। यह आंकड़ा वैश्विक औसत से भी अधिक है। सलीकों की बात करें तो यह माना जाता है कि सड़क पर पैदल यात्रा करने वालों का पहला हक होता है। कई देशों में यह यातायात की संस्कृति बन चुकी है कि अगर कोई पैदल सफर कर रहा व्यक्ति सड़क पार करने की कोशिश में होता है तो वाहन चालक गाड़ी को रोक लेते हैं। लेकिन हमारे यहां अगर इतनी बड़ी तादाद में पैदल चलने वाले दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं, तो यह सोचने की बात है कि क्या इसके लिए केवल पीड़ित जिम्मेदार है या फिर सड़क निर्माण, ढांचे और यातायात के कायदों में कोई ऐसी कमी है कि उसमें पैदल यात्रियों को गैर-महत्त्वपूर्ण माना जाता है! क्या सामान्य से लेकर व्यस्त सड़कों तक पर पैदल यात्रियों या दोपहिया वाहनों के लिए विशेष व्यवस्था नहीं हो सकती है? लेकिन इसके उलट कई जगहों पर यह देखा जा सकता है कि पैदल चलने के लिए सड़कों के किनारे बने फुटपाथ की जगहों को वाहनों की पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। यह किस तरह की यातायात नीति है?

सही है कि सड़कों पर होने वाले हादसों के लिए मुख्य रूप से यातायात नियमों से लेकर उनके पालन में लापरवाही सबसे बड़ा कारक है। लेकिन क्या सुव्यस्थित सड़कों के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे के मामले में भी कमी नहीं दिखती है? सड़कें मानव संसाधनों के बेहतर उपयोग और आर्थिक विकास का एक सबसे महत्त्वपूर्ण साधन रही हैं। लेकिन यही सड़कें अगर व्यापक स्तर पर मानव संसाधनों की क्षति की वजह बन रही हैं तो क्या सोचने की जरूरत नहीं है कि क्या इनके निर्माण में वैज्ञानिक पद्धति के लिहाज से कोई कमी है या फिर क्या उनमें कोई सुधार की जरूरत है! विडंबना यह है कि हर थोड़े अंतराल पर आने वाले अध्ययनों और रिपोर्टों में यह बताया जाता है कि इस तरह के हादसों की प्रकृति क्या है, उनकी वजहें क्या हैं, उनसे निपटने के रास्ते क्या हैं, लेकिन यह समझना मुश्किल है कि इतनी गंभीर समस्या के प्रति सरकारों की अनदेखी की वजह क्या हो सकती है! आखिर हर साल लाखों लोगों के नाहक ही जान गंवाने के मसले के प्रति इस स्तर तक उदासीन कैसे रहा जा सकता है?

## कल्पमेधा

झूठ बोलना तलवार के घाव की तरह है।
घाव तो भर जाएगा, लेकिन उसका
निशान हमेशा बना रहेगा।
– शेख सादी

# नागरिकता का सवाल और संकट

जाहिद खान

> असम की मिसाल सबके सामने है। एनआरसी को लेकर पिछले पांच साल में राज्य में जो अफरा-तफरी मची, उसने सभी को परेशान करके रख दिया। अपने आप को भारतीय साबित करने के लिए लोगों को क्या-क्या जतन नहीं करने पड़ रहे? राज्य की पूरी प्रशासनिक मशीनरी इस कवायद में उलझी रही। इतना समय और अरबों रुपए खर्च करने के बाद जब अंतिम मसौदा सामने आया, तो उसमें लाखों वास्तविक भारतीय इस सूची से बाहर हो गए।

पूर्वोत्तर राज्यों से लेकर सारे देश में एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर और नागरिकता (संशोधन) कानून, 2019 का विरोध हो रहा है। विरोध की आग चारों तरफ फैल गई है। लोग बिना किसी राजनीतिक दल के नेतृत्व में स्वतः स्फूर्त इन कानूनों के खिलाफ आंदोलन में शामिल हो रहे हैं। सरकार, देश के नागरिकों की चिंताओं और मांग को सहानुभूति से देखती-सुनती-समझती, इसके उलट वह उनके दमन पर उतर आई है। चारों तरफ अव्यवस्था, अराजकता और डर का माहौल है। नागरिकता बिल को संविधान के खिलाफ बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं भी दायर की गई हैं। केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश की सरकारों ने तो अपने यहां नागरिकता संशोधन कानून लागू करने से मना कर दिया है।

सरकार के संसद में इस आश्वासन कि उन राज्यों में नागरिकता संशोधन विधेयक लागू नहीं होगा, जो इनर लाइन परमिट या छठी अनुसूची के दायरे में आते हैं के बावजूद आंदोलनकारियों पर कोई असर नहीं हुआ है। मालूम हो कि छठी अनुसूची जनजातीय परिषदों को ज्यादा स्वायत्तता देती है। नया प्रावधान पूर्वोत्तर के आदिवासी इलाकों में लागू नहीं होगा। असम के कुछ ही जिलों में छठी अनुसूची लागू है। चूंकि असम इनर लाइन परमिट वाला राज्य नहीं है, इसलिए यह पूर्वोत्तर का अकेला ऐसा राज्य बन जाएगा, जहां बांग्लादेश से आए अवैध हिंदू शरणार्थी बसाए जा सकेंगे। यही वजह है कि असम में ही इस कानून का सबसे ज्यादा विरोध है। पूर्वोत्तर के सभी राज्यों सहित असमिया लोगों की मूल समस्या बांग्लादेशियों के बढ़ते सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक प्रभुत्व की है। उनका डर है कि नागरिकता संशोधन कानून के अमल में आने के बाद उनकी जमीन, भाषा, पहचान और रोजगार पर संकट आ जाएगा। पूर्वोत्तर के सात राज्यों में दो सौ अड़तीस मूल जनजातियां ऐसी हैं, जो आस्था से हिंदू नहीं हैं, लेकिन बाहरी लोगों को यहां बसाने की किसी भी कोशिश के खिलाफ हैं। वे बांग्लादेशी घुसपैठियों को धर्म और भाषा के आधार पर अलग नहीं करते। असमिया लोगों की नजर में सारे बांग्लादेशी उनका हक मार रहे हैं। यही वजह है कि वे सभी से एक समान नफरत करते हैं। इन राज्यों में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ हिंसा में सिर्फ बांग्लादेशी मुसलमान ही नहीं मारे गए हैं, बल्कि बांग्लादेशी हिंदू या बांग्लाभाषी हिंदू भी इसका शिकार हुए हैं।

15 अगस्त, 1985 को तत्कालीन केंद्र, राज्य सरकार और ऑल असम स्टूडेंट यूनियन (आसू) तीनों के बीच जो असम समझौता हुआ था, उसमें सहमति बनी थी कि 1971 से पहले जो लोग असम में आ गए हैं, उन्हें नागरिकता दी जा सकती है। समझौता स्पष्ट तौर पर कहता है कि 24 मार्च, 1971 के बाद आए सभी अवैध प्रवासियों को वापस भेजा जाएगा। असम समझौते की मूल भावना को देखते हुए ही राज्य में एनआरसी अमल में आया। एनआरसी का मकसद भारतीय नागरिकों और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करना था। बहरहाल एनआरसी का जब अंतिम मसौदा सामने आया, तो उसमें उन्नीस लाख लोग ऐसे निकले, जो अपने आप को भारतीय साबित नहीं कर पाए। इनमें भी तेरह लाख लोग गैर मुसलमान यानी हिंदू और अन्य आदिवासी समुदाय के लोग थे। इनमें पांच लाख चालीस हजार बांग्लादेशी हिंदू हैं। असम हो या पश्चिम बंगाल, ये हिंदू प्रवासी ही भाजपा के बड़े वोट बैंक हैं। इन्हीं के वोटों के सहारे पार्टी असम और पश्चिम बंगाल के आने वाले विधानसभा चुनाव को फतह करना चाहती है। यही वजह है कि हिंदू प्रवासियों को अपने साथ जोड़े रखने के लिए केंद्र सरकार ने आनन-फानन में संसद के दोनों सदनों से नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 पारित करवा लिया।

नागरिकता संशोधन कानून में अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से साल 2014 तक आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई धर्म के सभी अवैध प्रवासियों को नागरिकता देने का प्रावधान है, सिवाय मुसलमानों के। यही बात इस कानून के विरोध की सबसे बड़ी वजह है। देश का संविधान सभी भारतीयों के लिए नागरिकता के अधिकार की गारंटी देता है, चाहे उनका धर्म, जाति, भाषा, संस्कृति, लिंग या पेशा कुछ भी हो। नागरिकता संशोधन विधेयक लोगों के इस अधिकार को खत्म करता है। धर्म के आधार पर किसी की नागरिकता तय करने का अर्थ है, देश के संविधान को नकारना। जबकि देश की ताकत एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र है, जिसका अहम पहलू अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना है। नागरिकता संशोधन कानून के अलावा



देश के नागरिकों की सबसे बड़ी चिंता एनआरसी को लेकर भी है। एनआरसी का प्रयोग, असम में पूरी तरह से विफल होने के बाद भी, सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा है और अब वह एनआरसी को सारे देश में लागू करना चाहती है। इस बात का इरादा उसने सड़क से लेकर संसद तक में जाहिर किया है। एक ओर बार-बार यह कहा जा रहा है एनआरसी लागू होकर रहेगा, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस संबंध में कैबिनेट में कोई चर्चा तक नहीं हुई है। विपक्ष एनआरसी को लेकर लोगों में भ्रम फैला रहा है, उन्हें डरा रहा है। नागरिक संशोधन कानून का भारतीय मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में एनआरसी भ्रम और भय की जो स्थिति बनाई जा रही है, उससे लोग गुस्से में हैं।

असम की मिसाल सबके सामने है। एनआरसी को लेकर पिछले पांच साल में राज्य में जो अफरा-तफरी मची, उसने सभी को परेशान करके रख दिया। अपने आप को भारतीय साबित करने के लिए लोगों को क्या-क्या जतन नहीं करने पड़ रहे? राज्य की पूरी प्रशासनिक मशीनरी इस कवायद में उलझी रही। इतना समय और अरबों रुपए खर्च करने के बाद जब अंतिम मसौदा सामने आया, तो उसमें लाखों वास्तविक भारतीय इस सूची से बाहर हो गए। इनमें बड़ी संख्या में असम में रह रहे हिंदीभाषियों के नाम भी शामिल नहीं थे। जिन लाखों लोगों के नाम छूटे, उनमें असम की पहली महिला मुख्यमंत्री सैयदा अनवरा तैमूर, पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के रिश्तेदार, साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता दुर्गा खाटीवाड़ा और असम आंदोलन की पहली महिला शहीद बजयंती देवी के परिवार के सदस्य, स्वतंत्रता सेनानी छबीलाल उपाध्याय की प्रपौत्री मंजू देवी सहित अनेक नामी-गिरामी हस्तियां हैं। जिन भारतीयों के नाम इसमें शामिल नहीं हैं, उनमें बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से आकर असम में बसने वालों की संख्या ज्यादा है। ऐसे भी लोग हैं जिनके पास आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि जरूरी दस्तावेज हैं, लेकिन उनका नाम इसमें नहीं है। विदेशी न्यायाधिकरण ने इनका नाम जबरन निष्कासन सूची में डाल दिया है। कुछ मामले ऐसे भी सामने आए, जिनमें विदेशी अधिकरण ने कुछ लोगों को महज इसलिए विदेशी घोषित कर दिया कि उनका नाम एनआरसी में तो था, लेकिन वे या उसका कोई प्रतिनिधि अधिकरण के सामने पेश नहीं हुआ था।

अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि एनआरसी के तहत देश के नागरिक के रूप में पुष्टि के लिए कौन-कौनसे दस्तावेज वैध माने जाएंगे। अभी तक जो बात सामने आई है, उसके मुताबिक लोगों को करीब एक दर्जन दस्तावेज देने होंगे। ऐसे में एक गरीब एवं अनपढ़ व्यक्ति ऐसी जटिलताओं से कैसे निपटेगा, यह बड़ा सवाल है। सरकार ने अवैध घुसपैठियों एवं शरणार्थियों की पहचान के लिए क्या मापदंड तैयार किए गए हैं? यही वह वजह है, जिससे देश का हर नागरिक डरा हुआ है, खासतौर से दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदाय। उन्हें डर है कि नागरिकता साबित करने की आड़ में कहीं उनके साथ भेदभाव तो नहीं किया जाएगा। उनके संवैधानिक अधिकार, तो प्रभावित नहीं होंगे, क्योंकि एनआरसी में नाम न होने की वजह से उन लोगों के नागरिक अधिकार, संपत्ति और तमाम सरकारी लाभ आदि एक झटके में छिन जाएंगे। जबकि अवैध आप्रवासियों को नागरिक संशोधन कानून भारत की नागरिकता प्रदान कर देगा।

# समूह का सुख

गिरीश पंकज

## दुनिया मेरे आगे

मेरा ही क्या, अनेक लोगों का यही अनुभव होगा कि अकेले में अकसर निराशा का भाव जन्म लेने लगता है। लेकिन समूह में रहने से मन में जीवंतता बनी रहती है। यह और बात है कि साधना या सृजन-कर्म के लिए आमतौर पर एकांत ही अनुकूल होता है। लेकिन मैं सामान्य स्थितियों की बात कर रहा हूं। मैंने कुछ लोगों को देखा और महसूस किया है कि अकेले में वे कुछ-कुछ उदास ही रहते हैं। मगर जब कुछ मित्रों या परिचितों के साथ होते हैं, तो चेहरे पर प्रसन्नता की तितली मंडराने लगती है। एकाकी-जीवन मनुष्य को कुछ कुछ वीतरागी किस्म का बना देता है। जबकि समूह में व्यक्ति सांसारिकता से जुड़ा रहता है। हताश-निराश व्यक्ति अगर अकेला रहे तो उसके मन में न जाने कैसे-कैसे गलत या निराशाजनक विचार उमड़ने लगते हैं! किसी प्रतियोगिता या परीक्षा में विफल विद्यार्थी को अकेले नहीं रहने देना चाहिए। अकेले में हताशा में वह गलत कदम भी उठा सकता है।

मेरे एक मित्र जब सेवानिवृत्त हुए तो उन्हें लगा कि अब जीवन में कुछ खास करने को नहीं रहा। वे निराशा के भंवर में डूबने-उतराने लगे। घर पर ही रहते। धीरे-धीरे वे अपने पुराने मित्रों से भी कटने लगे। यहां तक कि घर के सदस्यों के साथ भी घुलना- मिलना कम कर दिया। नतीजतन वे अवसाद में जाने लगे। आखिर वही हुआ, जिसकी आशंका थी। वे बीमार रहने लगे और हृदय रोगी बन कर एक दिन बिस्तर पकड़ लिया। फिर कुछ दिनों बाद ही वे संसार से कूच कर गए। मन में उत्साह कायम रहता तो शायद ठीक-ठाक जीवन जी लेते, मगर लोगों से कट कर जीवन को अनुपयोगी समझ कर हताश होना भारी पड़ गया।

जबकि उनके साथ ही सेवानिवृत्त हुए एक अन्य मित्र स्वस्थ और सानंद जीवन जी रहे हैं, क्योंकि उन्होंने जीवन को रसमय बना लिया है। सुबह से शाम तक खुद को सामाजिक गतिविधियों में कुछ ऐसा व्यस्त किया कि वे अनेक लोगों की जरूरत बन गए। वरिष्ठ नागरिकों के समूह में तो उनका नियमित रूप से जाना होता है और वहां वे देश-दुनिया की चर्चा करते हैं और मगन रहते हैं। पहले वाले मित्र भी शुरू-शुरू में वरिष्ठ नागरिकों के उस फोरम में आते थे, पर कुछ दिनों के बाद आना ही बंद कर दिया।

कुछ लोग फितरत से अंतमुर्खी होते हैं। ऐसे लोग सबसे मिलना-जुलना पसंद नहीं करते। यह कोई अच्छी आदत नहीं, पर इसे भी कुछ लोग गर्व से बताते हैं कि मैं तो किसी से ज्यादा मिलता-जुलता नहीं। मैं आश्चर्यचकित हो जाता हूं कि कुछ लेखक भी अकेले रह कर कैसे सामूहिकता का बोध कर पाते हैं और कैसे आम जीवन की संवेदना को महसूस करके लिपिबद्ध भी कर लेते हैं। सामूहिकता से कट कर किया गया सृजन निष्प्राण होता है। उसमें अनुभव की कमी के कारण पठनीयता नहीं बन पाती। जैसी अकेले रहने के आदी व्यक्ति के जीवन से सरसता खत्म होती चली जाती है। पहले वाले मित्र आमतौर पर अकेले ही रहते थे. अपने कमरे में कैद। आत्मबंदी हों गोया। मित्रों ने उन्हें अक्सर समझाया कि आओ, बैठो। देश-दुनिया की चर्चा करो। हंसी-मजाक करो। सबके साथ रहो। मन में जो भावनाएं उमड़ रहीं हैं, उन्हें दूसरों से साझा करो। यही तो सामाजिकता है। लेकिन वे किसी की नहीं सुनते थे। न जाने क्यों उन्हें एकाकी जीवन ही रास आने लग गया था।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। इस नाते उसका यह दायित्व है कि वह समाज से जुड़ा रहे। समाज से कट कर, एक कमरे में सिमट कर आखिर हम क्या साबित करना चाहते हैं? तब तो बात समझ में आती है कि हमें कुछ एकांत चाहिए, लेकिन हम कुछ नहीं कर रहे होते, फिर भी एकांत में चले जाना चाहते हैं। इसका मतलब यह है कि हम कहीं न नहीं किसी मुद्दे को लेकर तनाव या अवसाद ग्रस्त हैं। अवसाद से उबरने का सबसे सटीक फार्मूला यही है कि हम समूह में रहें। समूह में रह कर हम जीवन को प्रफुल्लित और उत्साहजनक बना सकते हैं। बीमार व्यक्ति भी समूह में आकर बीमारी से मुक्त होने लगता है। सामूहिक होना एक तरह से सुरक्षित होना भी है।

रात-बिरात अगर कोई लड़की अकेले कहीं जा रही है तो वह असुरक्षित हो सकती है। लेकिन उसके साथ तीन-चार लड़कियां हैं, तो वह हर हाल में सुरक्षित है। इसलिए हमेशा सामूहिकता की ताकत को समझना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में तो आजकल 'महिला स्व सहायता समूह' बन रहे हैं। इसके सहारे कुछ महिलाएं पर्याप्त धन अर्जन भी कर रही हैं। अकेले काम करना और कुछ लोगों के साथ मिल कर काम करना, इसमें काफी फर्क आ जाता है। कोई बच्चा कमरे में अकेले पड़ा रहे तो वह उस फूल की तरह मुरझा जाता है, जिसे सींचा नहीं जाता। लेकिन जैसे ही वह मित्रों के साथ खेलने-कूदने लगता है तो इतने कितना प्रफुल्लित होकर घर लौटता है! मतलब यह कि सामूहिकता ऐसा जल है जो हमारे अंतर के हृदय सुमन को सदैव संचित करता रहता है। उसे मुरझाने नहीं देता। समूह में रह कर उसके सुख को वही समझ सकता है, जो सामूहिकता को जीता है।

## सबका त्योहार

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा धर्मनिरपेक्ष देश है। यहां हर धर्म के त्योहार को हर धर्म के लोग मनाते हैं। हर धर्म और हर धर्म के त्योहार-पर्व हर धर्म के लोगों को इंसानियत और सबका सम्मान करने की शिक्षा देते हैं। क्रिसमस ईसा मसीह (यीशु) के जन्मदिवस के उपलक्षय पर मनाया जाता है। यह सारी दुनिया में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। ईसा मसीह ने अपने उपदेशों 'सुसमाचार' में दुनिया को इंसानियत का संदेश दिया है। आज जिस तरह समूची दुनिया में वैर-विरोध, हेराफेरी, बेईमानी, नफरत, हिंसा आदि दुनिया को पतन की ओर ले जानी वाली कुरीतियां बढ़ रही हैं।

अगर दुनिया का हर इंसान अच्छी राह पर चलना शुरू कर देगा तो दुनियां में फैली सभी कुरीतियों का खात्मा हो जाएगा और दुनिया जमीन पर ही स्वर्ग बन जाएगी। विश्वास है कि क्रिसमस वाले दिन ही सांता क्लॉज अपनी झोली में बच्चों के लिए तोहफे लेकर आता है। यह हर कोई अपने बच्चों को बताता है। लेकिन इसके साथ सभी अपने बच्चों को यह बताएं कि सांता क्लॉज सबको यह संदेश देता है कि जिंदगी में कभी गलत रास्ते पर न चलें। न बेईमानी, हेराफेरी करें और न ही कोई अनैतिक काम करें तो इससे बच्चों के कोमल मन में अच्छी बातें घर करेंगी। त्योहार कोई भी क्यों न हो, किसी भी धर्म से संबंधित क्यों न हो, उसे मनाने के साथ उसके इतिहास और उसकी शिक्षा का अनुसरण भी हर किसी को करना चाहिए।

● *राजेश कुमार चौहान, जालंधर*

## आग का दायरा

दिल्ली के अनाज मंडी इलाके में हुए भयानक अग्निकांड की त्रासदी अभी शांत भी नहीं पड़ी थी कि सोमवार तड़के महानगर के किराड़ी इलाके में कपड़े की गोदाम में लगी आग ने नौ लोगों की जिंदगी छीन ली। दूसरी घटनाओं की तरह इस घटना में भी आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दिल्ली में शॉर्ट सक्रिट की वजह से कई घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ समय पहले जामिया इलाके में इसी वजह से लगी आग में छह लोगों, तो अर्पित होटल में लगी आग में सत्रह लोगों को काल का ग्रास होना पड़ा था। आंकड़े बताते हैं कि 2017-2018 में 29,423 दुर्घटनाएं हुई थीं, जिनमें 1267 लोग घायल हुए और 318 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। दिल्ली में हर महीने इस तरह की घटना होती रहती है, लेकिन जिम्मेदार संबंधित महकमे और अधिकारी अपनी आंखें मूंदे रखते हैं। दिल्ली में आग की एक मुख्य कारण यह भी है जो हर बार सामने आते हैं। संकरी गलियां, जिसके कारण अग्निशामक गाड़ियां वहां या तो नहीं पहुंच पाती हैं या फिर उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ती है। दूसरी बड़ी वजह यह है कि चारों तरफ बिजली के तार का जंजाल लगा होना। लेकिन न तो जिम्मेदार सुध लेते है और न ही आम लोग। जरूरी है कि नगर निगम और सरकार हादसों पर लगाम लगाने पर काम करें।

● *गौतम, एमसीयू, खंडवा कैंपस*

## बदलता दौर

जैसे-जैसे युग बदला है, मनुष्य की सोच में भी बदलाव आया है। आज दुनिया पहले की अपेक्षा बिल्कुल बदल चुकी है। लोग फैशन के पीछे भाग रहे हैं और संसाधनों या सुविधाओं की वजह से बहुत आलसी भी हो गए हैं। वे ज्यादातर काम खुद से नहीं करते हैं और हाथ की जगह मशीन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन पहले के जमाने में लोग हाथ से काम करते थे। आज के जमाने में उसी काम के लिए मशीन का इस्तेमाल करते हैं।

हालांकि पहले जमाने के लोग स्वस्थ रहते थे और आज लोगों को उतनी ताकत नहीं है। ताकत इसलिए नहीं है कि लोग मशीन पर निर्भर करने लगे हैं। सुविधाओं का लाभ उठाना अलग बात है, लेकिन लोग जरूरी मेहनत भी नहीं करते हैं तो कैसे रहेंगे स्वस्थ। जिस तरह से युग में बदलाव आ रहा है, उससे तो यही लगता है कि लोग शायद खाना भी मशीन से खाने लगेंगे। लोग और भी कमजोर हो सकते हैं। जब हम सब 2019 में जिंदगी गुजार रहे थे तो यह दुनिया चांद पर पहुंच गई थी। अब देखना है कि 2020 में क्या-क्या तकनीकी खोजें होती हैं और लोगों को शारीरिक मेहनत से कितनी दूर करती है।

● *मो जमील, मधुबनी, बिहार*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com




## हरित विकास

हाल ही में 'कॉप 25' में एक बार फिर कुछ खास नतीजे सामने नहीं आए और ऐसा पिछले पच्चीस सालों से हो रहा है। ग्लोबल वार्मिंग एक बहुआयामी और दूरगामी समस्या पैदा कर सकती है। यह जानते हुए कि खतरा सामने है, फिर भी हम हम कुछ नहीं कर रहे, सिवाए बात के अलावा। दरअसल, इसके निवारण के लिए कोई अकेला देश कुछ नहीं कर सकता, क्योंकि हम भूगोल और पर्यावरण को राजनीतिक सीमाओं में बांध कर नहीं रख सकते। इसलिए जरूरी है कि बहुआयामी रणनीति के माध्यम से मिल कर प्रयास किया जाए। ऐसी समस्या के पीछे एक कारण बहुत हद तक जिममेदार है, वह है जीडीपी आधारित प्रतिस्पर्धात्मक विकास, कि हमें इतने ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनानी है और हमें इतना! इसी चक्कर में हम पर्यावरण को नजरअंदाज कर देते है, अब जरूरी है कि जीडीपी के बजाय 'ग्रीन जीडीपी' आधारित विकास पर ध्यान लगाया जाए, क्योंकि इससे बहुत जल्दी हम समस्या का समाधान पा सकते हैं। जब पूरा हमारा आधार ग्रीन जीडीपी आधारित आकलन हो जाएगा और इसमें सारे देश मिल जाएंगे, तब नए रास्ते निकलेंगे।

● *कुंदन वर्मा, बहराइच, उत्तर प्रदेश*

## मुसीबत के वाहन

राष्ट्रीय हरित पंचाट यानी एनजीटी ने हाल ही में एक महत्त्वपूर्ण मुद्दे की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया है। उसने दिल्ली सहित देश के 122 शहरों के अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे वाहनों के पंजीकरण में कमी लाएं। यह वे शहर हैं, जहां के वायुमंडल में प्रदूषण का सर्वोच्च स्तर पाया गया है और पार्किंग की समस्या भी विकराल रूप धारण कर चुकी है। एनजीटी ने इन शहरों में सार्वजनिक परिवहन के साधनों को बेहतर बनाने की भी अपील की है। इस धरा पर जगह तो उतनी की उतनी है, पर वाहनों की संख्या में दिन-प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है। इसलिए परिवहन के साधनों को रखने के लिए जगह की मारामारी उत्तरोत्तर विकट होती जा रही है। ट्रैफिक जाम की समस्या से भी महानगर और राष्ट्रीय राजमार्ग पहले से ही जूझ रहे हैं। प्रदूषण की समस्या तो अपनी जगह यथावत है ही। इसलिए यह अंतहीन सिलसिला कहां पर जाकर थमेगा, कह पाना मुश्किल है।

● *ललित महालकरी, इंदौर*



## हिमाचल में जल संग्रह की पुराना तरीका खातरी

*खातरी* शब्द से चंगर क्षेत्र के लोग ही परिचित होते हैं क्योंकि खातरी उनकी जिंदगी है। जल संग्रहण का यह सबसे बेहतरीन माध्यम आज मिटने की कगार पर है। लेकिन प्रदेश के सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग ने अब इसे पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया है।

# आज भी पीते हैं लोग खातरियों का पानी

**बीरबल शर्मा**
मंडी।

हर साल बढ़ते जलसंकट के बीच हिमाचल प्रदेश में प्राचीन समय से बनाए गए कृत्रिम जल स्रोत बड़ा सहारा बन रहे हैं। ये पहाड़ी को खोद कर उसमें गुफानुमा बड़ा गढ्डा तैयार करके बारिश के पानी को सहेज कर रखने व उसे प्रयोग में लाने की परंपरा रही है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में ऐसे स्रोतों, जिन्हें स्थानीय भाषा में खातरी कहा जाता है को पुनर्जीवित किया जाने लगा है। खातरी के पानी को आज भी दूसरे सभी पेयजलों से ज्यादा शुद्ध व पीने लायक माना जाता है।

हिमाचल प्रदेश के चंगर क्षेत्र में कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी जिलों का काफी बड़ा भाग आता है। मंडी जिला यह चंगर क्षेत्र उत्तराखंड के देहरादून तक फैला हुआ है। इस क्षेत्र में रियासतकाल से ही पानी की विकराल समस्या रही है। इससे पार पाने के लिए बुजुर्गों ने एक नायाब तरीका खोजा था और उसे नाम दिया गया था खातरी। लोग अपने घर के पास मौजूद छोटी-बड़ी पहाड़ी के निचले हिस्से पर छेनी और हथौड़े की मदद से एक गड्ढा खोदते थे। यह खातरी कई फुट लंबी और गहरी होती थी। इसे बनाने में वर्षों लग जाते थे। जब यह खातरी बनकर तैयार हो जाती थी तो इसमें वर्षा जल का संग्रहण किया जाता था।

हिमाचल

धर्मपुर क्षेत्र निवासी कृष्ण चंद पराशर बताते हैं कि चंगर क्षेत्र में कहावत है कि गंगा का पानी खराब हो सकता है लेकिन खातरी का पानी नहीं, क्योंकि यह पानी पूरी तरह से फिल्टर होकर आता है। खातरी में जमा पानी का वर्ष भर बिना किसी डर से इस्तेमाल किया जा सकता था।

लेकिन आज घर-घर तक पानी पहुंचने से यह समस्या हल हुई है और खातरियों का इस्तेमाल काफी कम हो गया है। यही कारण है कि आज ये खातरियां अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं।

अब राज्य सरकार ने इस जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जल संरक्षण की अपील के बाद हिमाचल प्रदेश के सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने इन खातरियों को साफ करने का अभियान छेड़ दिया है।

ठाकुर का कहना है कि जल संग्रहण में खातरियों से बड़ा और कोई विकल्प नहीं, इसलिए इन्हें हर हाल में पुनर्जीवित करना है, ताकि भविष्य में जरूरत पड़े तो इनके पानी का भी इस्तेमाल किया जा सके।

भविष्य में जल संकट विश्व के सामने सबसे बड़े संकट के रूप में उभरने वाला है। ऐसे में इस प्रकार के जल स्रोत अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए इनका संरक्षण जरूरी है ताकि भविष्य के संकट से पार पाने की अभी से तैयारी की जा सके।

*गंगा* का पानी खराब हो सकता है लेकिन खातरियों का नहीं, इस कहावत के लिए मशहूर हैं जल संरक्षण के लिए बनाई खातरियां

*छेनी* और हथौड़े से पहाड़ी खोदकर बनाई जाती थी खातरियां

*इलाके* के लोग इस पानी को मानते हैं सबसे साफ और सुरक्षित

*चंगर* क्षेत्र में बहुत बड़ी तादात में पाई जाती हैं इस प्रकार की खातरियां

*आईपीएच* विभाग ने उठाया इन खातरियों के संरक्षण का मुद्दा

*सभी* खातरियों की होगी सफाई, फिर से किया जाएगा पुनर्जीवित



# तेजी से सिकुड़ रहे हैं गंगोत्री और उसके सहायक ग्लेशियर

**सुनील दत्त पांडेय**
देहरादून

वाहनों की बढ़ती आवाजाही से गंगोत्री और उसके सहायक ग्लेशियरों में विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिसने पर्यावरणविदों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। एक अध्ययन के मुताबिक इस साल उत्तराखंड के चार धामों की यात्रा के दौरान गंगोत्री क्षेत्र में 50 हजार से ज्यादा डीजल और पेट्रोल वाले वाहनों का आना-जाना लगा रहा। यात्रा की अवधि के दौरान इन वाहनों से निकलने वाले कार्बन ने ग्लेशियरों को नुकसान पहुंचाया।

इस मामले में देहरादून स्थित वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों ने गहन अध्ययन और मंथन किया। संस्थान ने उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री धाम क्षेत्र में भोज वासा में एथेलोमीटर के माध्यम से उत्तराखंड के गंगोत्री ग्लेशियर में वाहनों की आवाजाही से निकलने वाले कार्बन के प्रभाव का अध्ययन किया। इसमें बताया गया कि क्षेत्र में कार्बन की मात्रा बढ़ने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ा है। लिहाजा हर साल गंगोत्री ग्लेशियर पीछे खिसक रहा है।

2016 में एथेलोमीटर से मिले आंकड़े चौंकाने वाले रहे है। तब मई महीने में वाहनों की आवाजाही से गंगोत्री क्षेत्र में कार्बन निकलने की मात्रा 1899 नैनोग्राम प्रति घन मीटर और अगस्त महीने में 123 नैनोग्राम प्रति घन मीटर मापी गई। मई में चारों धामों में वाहनों की आवाजाही बहुत अधिक रहती है, जबकि बरसात के अगस्त महीने में वाहनों की तादाद गर्मियों के सीजन के मुकाबले कम हो जाती है।

अध्ययन के मुताबिक 2016 की रिपोर्ट के बाद अब नए आंकड़ों का अध्ययन किया जा रहा है। इसमें डेढ़ से दो साल का समय लग सकता है। इस अध्ययन के अनुसार गंगोत्री धाम के केदार बामक रक्त वर्ण, चतुरंगी ,रुद्र गेरा, वासुकी, सतोपंथ, सुरालय, सीता, नीलांबर, गंगोत्री के कई सहायक ग्लेशियर इतने अधिक बिगड़ गए हैं कि इनके नीचे की जमीन दिखाई देने लगी है। वातावरण में आ रहे बदलाव और मानव निर्मित प्रदूषण इस क्षेत्र के ग्लेशियरों के लिए बहुत बड़ा खतरा बनता जा रहा है।

कुछ सालों में उत्तराखंड में लगातार जंगल जलने की घटनाएं तेजी के साथ हो रही हैं। वह भी ग्लेशियरों के लिए के लिए खतरा बनी हुई हैं। वाहनों की आवाजाही गंगोत्री धाम में जिस तेजी के साथ बढी है, वे आंकड़े भी चौकाने वाले हैं। डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहनों की तादाद 2016 में गंगोत्री क्षेत्र में 26 हजार 726 थी जिनमें 2 लाख 87 हजार 727 तीर्थयात्री इस क्षेत्र में आए थे। जबकि इस साल 55 हजार 437 वाहन इस क्षेत्र में 5 लाख 28 हजार 129 तीर्थयात्री लेकर आए। आने वाले कुछ सालों में उत्तराखंड में ऑल वेदर रोड के निर्माण के बाद वाहनों और तीर्थ यात्रियों की तादाद और अधिक बढ़ेगी। तब गंगोत्री धाम क्षेत्र में कार्बन की मात्रा और अधिक बढ़ोतरी होगी।

वाडिया भूगर्भ संस्थान देहरादून के विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉक्टर पीएस नेगी का कहना है कि गंगोत्री ग्लेशियर क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन की मात्रा लगातार बढ़ रही है और इस क्षेत्र में जिस तरह से सड़कों के विस्तारीकरण का कार्य चल रहा है, उससे वाहनों की तादाद बढ़ने के साथ-साथ ग्लेशियरों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। गंगा रक्षा के लिए समर्पित संस्था मातृ सदन हरिद्वार के संस्थापक संचालक स्वामी शिवानंद सरस्वती का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार गंगा और उसकी सहायक नदियों और जंगलों का खनन, जंगल और भू माफिया लगातार दोहन कर रहे हैं। इसके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। यदि ग्लेशियर और पर्यावरण शुद्ध नहीं रहेगा तो हिमालय क्षेत्र की दुर्दशा होने के साथ-साथ पूरे विश्व के पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

आजकल ऑल वेदर रोड परियोजना की पड़ताल के लिए सुप्रीम कोर्ट की हाई पावर कमेटी उत्तराखंड के दौरे पर हैं। इस कमेटी के चेयरमैन जाने-माने पर्यावरणविद् डॉ रवि चोपड़ा का कहना है कि यदि वक्त रहते हिमालय के नजदीक वाहनों की आवाजाही को काबू में नहीं लाया गया तो भविष्य में कार्बन उत्सर्जन की मात्रा बढ़ने के बाद इस क्षेत्र की भयावह स्थिति हो जाएगी।



*गुरुकुल* कांगड़ी विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रोफ़ेसर दिनेश चंद्र भट्ट का कहना है कि पर्वतीय क्षेत्रों में चार धाम की यात्रा पर जाने वाले वाहनों की आवाजाही 50-60 किलोमीटर पहले पहले रोक देनी चाहिए और वहां से बैटरी से चलने वाले वाहनों को तीर्थ यात्रियों को ले जाने के लिए प्रयोग करना चाहिए।



उत्तराखंड



# अकादमिक बैंक रखेगा पढ़ाई का भविष्य सुरक्षित

**सुशील राघव**
नई दिल्ली।

पढ़ाई छोड़ने और लंबा समय बीत जाने के बाद विद्यार्थी को नए सिरे से पढ़ाई शुरू करनी होती है। ऐसे में अधिकतर लोग पढ़ाई को आगे जारी रख नहीं पाते हैं। इसके अलावा एक पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के बाद यदि विद्यार्थी को वह पाठ्यक्रम पसंद नहीं आया तो भी उसको शुरू से पढ़ाई शुरू करनी होती है। विद्यार्थियों की ऐसी ही अनेक समस्याओं को दूर करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) राष्ट्रीय अकादमिक क्रेडिट बैंक (एनएसी बैंक) शुरू करने जा रहा है।

यह बैंक बहु प्रवेश और बहु निकास के सिद्धांत पर कार्य करेगा। इसके साथ ही यह विद्यार्थी को कभी भी, कहीं भी और किसी भी स्तर पर पढ़ाई की स्वतंत्रता देगा। शुरुआती तौर पर इसमें स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम शामिल किए जाएंगे। फिलहाल आयोग इस संबंध में सभी हितधारकों के सुझावों पर गौर कर रहा है। यह बैंक राष्ट्रीय शैक्षणिक संग्रहस्थान (एनएडी) के साथ मिलकर कार्य करेगा।

यूजीसी के एक अधिकारी के मुताबिक, हमारे देश में ऐसे अनेक मामले मिल जाएंगे जहां शादी, किसी नए शहर में विस्थापित होने पर या परिवार की मदद करने के लिए नौकरी करने की वजह से लोगों को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ती है। कुछ साल गुजर जाने के बाद यदि ये विद्यार्थी फिर अपनी पढ़ाई शुरू करना चाहते हैं तो इन्हें नए सिरे से पाठ्यक्रम में दाखिला लेना होता है। इसी तरह, एक कॉलेज से कुछ सेमेस्टर की पढ़ाई करने के बाद यदि विद्यार्थी कॉलेज बदलना चाहता है तो उसे अभी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एनएसी बैंक से ऐसी सभी समस्याओं का हल निकलेगा। दरअसल, इस बैंक में जमा क्रेडिट को विद्यार्थी एक से दूसरे संस्थान, पाठ्यक्रम और काल में इस्तेमाल कर पाएंगे।

अधिकारी के मुताबिक, यह बैंक पारंपरिक बैंक की तरह ही कार्य करेगा। यहां पर विद्यार्थी अपने क्रेडिट जमा और जरूरत पड़ने पर उनको हस्तांतरित या भुना भी सकेंगे। एनएसी बैंक में खाता खुलवाना अनिवार्य नहीं होगा। यह पूरी तरह से विद्यार्थी के ऊपर निर्भर है कि वह खाता खुलवाए या नहीं। अधिकारी के मुताबिक, इसका प्रमुख उद्देश्य पढ़ाई को विद्यार्थी केंद्रित करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थी श्रेष्ठ पाठ्यक्रम चुन सकेंगे। वे अपने पाठ्यक्रम में अपने-अपने मुताबिक बदलाव कर सकेंगे। इस बैंक को कोई उपाधि देने का अधिकार नहीं होगा। यह अधिकार विश्वविद्यालयों के पास ही सुरक्षित रहेगा।

यह बैंक राष्ट्रीय शैक्षणिक संग्रहस्थान (एनएडी) के मानक ढांचे के तहत कार्य करेगा। इस योजना के तहत यह भी तय किया गया है कि विद्यार्थी जिस विश्वविद्यालय या संस्थान से उपाधि लेना चाहता है, उसे कम से कम 50 फीसद क्रेडिट वहीं से अर्जित करने होंगे। इसके अलावा 50 फीसद क्रेडिट वह बैंक से लेकर उपयोग कर सकता है।

### विद्यार्थियों को मिलेगी स्वायत्तता

अभी तक भारतीय उच्च शिक्षा तंत्र में संस्थानों और शिक्षकों को स्वायत्ता प्राप्त है लेकिन जिन विद्यार्थियों के लिए यह तंत्र कार्य कर रहा है उन्हें बिलकुल भी स्वायत्ता नहीं है। एनएसी बैंक विद्यार्थियों को भी स्वायत्ता देगा। इसके माध्यम से वे अपनी पसंद का संस्थान, कॉलेज और पाठ्यक्रम चुन पाएंगे। इतना ही नहीं, वे अपने शौक को भी पूरा कर सकेंगे और उसके क्रेडिट भी उन्हें मिलेंगे।



देश

एनएसी बैंक विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, कॉलेज और समय चुनने की आजादी देगा। अभी विद्यार्थी शिक्षा व्यवस्था में केंद्र में नहीं है लेकिन इसके माध्यम से पूरी शिक्षा व्यवस्था विद्यार्थी केंद्रित हो जाएगी।
*-डॉ. भूषण पटवर्द्धन, उपाध्यक्ष, यूजीसी*

# महाविद्यालयों में होगा पुलिस-छात्र संवाद

**आशीष दुबे**
नोएडा।

उत्तर प्रदेश

महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने में लचर कानून व्यवस्था से ज्यादा इनसे बचने के लिए पूर्व प्रयासों में कमी है। ऐसी घटनाओं में वृद्धि इस बात को इंगित करती है युवाओं को भारतीय दंड संहिता में महिलाओं के प्रति इन जघन्य अपराधों के कारण मिलने वाली सजा से अवगत कराया जाए। इस मुहिम को शुरू करने की पहल उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने की है। जहां पुलिस एक पब्लिक ऑफिसर के रूप में महाविद्यालयों में महीने में एक बार युवाओं को आज के समय में बढ़ रहे ऐसे अपराधों एवं उनके करने पर भारतीय दंड संहिता के तहत मिलने वाले सजा समेत अन्य प्रावधानों से अवगत कराएगी।



इस मुहिम को प्रभावी बनाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने पुलिस महानिरीक्षक मेरठ व सहारनपुर मंडल को पत्र भेजकर महीने में कम से कम एक बार महाविद्यालयों में इन अपराधों के मूल कारण मानसिक विकृति को दूर करने के लिए जागरूक करने के लिए कहा है। छात्र जागरूक होकर समाज को भी जागरूक करने में मदद करेंगे। इससे महिलाओं के प्रति होने वाले जघन्य अपराधों में काफी कमी आ सकेगी। पुलिस महानिरीक्षक के अलावा मेरठ व सहारनपुर मंडल के उच्च शिक्षा विभाग ने इस अनूठी पहल के बारे में अपर मुख्य सचिव गृह उत्तर प्रदेश शासन और शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा प्रयागराज को भी अवगत कराया है।

शिक्षाविद्ों का मानना है कि पुलिस व्यवस्था का स्वरूप समाज में अपराध होने के उपरांत मात्र दोषी को दंडित करने का नहीं, बल्कि नागरिक अव्यवस्था फैलने से बचाने के लिए भी है। मौजूदा व्यवस्था में अपराधों से बचने के लिए पूर्व प्रयास ना के बराबर हैं। अपराध घटित होने के बाद केवल कानूनी जांच एवं आपराधिक आपातकाल के लिए कानून का लागू करना ऐसी मानसिक विकृतियों का समाधान नहीं है। नागरिक अव्यवस्था को बचाने के लिए जरूरी है कि युवाओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को ना करने और अपराध करने पर मिलने वाली समाज के बारे में जरूर बताया जाए।

उत्तर प्रदेश के दोनों मंडलों में मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, हापुड़, बागपत और गौतमबुद्धनगर के नौ जिले हैं। जिनके 18 सरकारी, 50 अशासकीय अनुदानित और 1002 स्व वित्त पोषित महाविद्यलयों में करीब साढ़े तीन लाख छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि इस मुहिम से महिलाओं के प्रति होने वाले जघन्य अपराधों में शून्यता आ सकती है। मानसिक विकृति को दूर कर समाज में सकारात्मक प्रभाव डालने में यह कदम काफी प्रभावी साबित होगा।

पुलिस कुछ नहीं कर रही, यह सही नहीं है लेकिन जघन्य अपराध होने के उपरांत मिलने वाले पीड़ादायक दंड की जानकारी होने से निश्चित सुधार आएगा। इससे महिलाओं समेत अन्य तरह के अपराधों में कमी आएगी। साथ ही यह मुहिम छात्रों के जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी सहायक होगी।

*-–विमला बाथम, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश महिला आयोग*

# इंटरनेट प्रतिबंध से ई-व्यापार और बैंकिंग सेवा की कमर टूटी

**गजेंद्र सिंह**
नई दिल्ली।

लोक आपात और सुरक्षा के लिए बार-बार इंटरनेट प्रतिबंध करने की प्रवृत्ति भारतीय बाजार और अर्थव्यवस्था को बड़ी चोट पहुंचा रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा असर ई-व्यापार और बैंकिंग सेवा पर पड़ रहा है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के 18 जिलों में हिंसा के बाद बंद हुए इंटरनेट से सिर्फ लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारी एक दिन में सौ करोड़ रुपए का व्यापार प्रभावित होने का दावा कर रहे हैं। गाजियाबाद में भी ऑनलाइन व्यापार करने वालों का अच्छा खासा घाटा होने की बात सामने आई है। ऐप आधारित कैब सेवा और ऑनलाइन खाद्य पदार्थ मंगवाने वाली सेवाएं भी प्रभावित होने से नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

इससे पहले इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशन (आइसीआरआइ) की ओर से जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि 2012 से लेकर 2017 तक भारत में कुल 16315 घंटे तक इंटरनेट ठप रहने की लागत करीब 3.04 अरब अमेरिकी डॉलर थी। वहीं, 12615 घंटे मोबाइल इंटरनेट बंद होने की भारतीय अर्थव्यवस्था की कुल लागत 2.37 अरब अमेरिकी डॉलर रही थी। सबसे ज्यादा असर मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, अमदाबाद, सूरत और विशाखापत्तनम जैसे शहरों की जीडीपी पर हुआ है। सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ केशव अग्रवाल बताते हैं कि इंटरनेट शटडाउन का असर सिर्फ मोबाइल पर पड़ता है। कंफेडरेशन ऑफ ऑर्गेनिक इंडस्ट्री ऑफ इंडिया के चेयरमैन और एसोचैम के पूर्व महासचिव डीएस रावत कहते हैं कि इंटरनेट बंद होने की वजह से सबसे ज्यादा प्रभाव बैंकिंग के अलावा ई-कॉमर्स पर पड़ता है। छोटे उद्योग और ई-कॉमर्स उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। उनका कहना है कि पिछले दिनों वृ गुवाहाटी में थे जहां इंटरनेट बंद हुआ तो एअर टिकट से लेकर होटल का भुगतान तक अटक गया। यह बाजार के लिए काफी नुकसान पहुंचाने वाला है।

### कौन होता है प्रभावित

आइसीआरआइ की रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरनेट बंद होने से जो क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, उसमें ई-कॉमर्स और स्वतंत्र कार्य हैं। इसके अलावा पर्यटन, आइटी सेवा, प्रेस और मीडिया दूसरे नंबर पर प्रभावित होने वालों में हैं। तीसरे नंबर पर बैंकिंग, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं और इसका सबसे मामूली असर मैन्यूफैंक्चरिंग और भारी उद्योग पर पड़ता है। दि कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल बताते हैं कि इंटरनेट बंद होने का सबसे ज्यादा असर व्यापारियों को अपना पैसा ट्रांसफर करने में पड़ा। व्यापारी ज्यादातर एनइएफटी और आरटीजीएस करते हैं लेकिन इंटरनेट बंद होने से यह काम रुक जाता है। जिनका अंतरराष्ट्रीय व्यापार है उनको तो काफी घाटा होता है। जिन व्यापारियों का काम ई-मेल पर आधारित है उनकी मेल नहीं आ पाई।

### सुरक्षा कारणों से 278 बार बंद किया गया इंटरनेट

सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर (एसएफएलसी) की अगस्त, 2019 की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2012 से 2019 तक 278 बार भारत में इंटरनेट बंद किया गया। 160 बार सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया। 278 में 60 बार बंद किए गए इंटरनेट को 24 घंटे से कम के लिए और करीब 55 बार इंटरनेट 24 से 72 घंटने के लिए बंद किया गया। कई मामलों में देखा गया है कि इंटरनेट बंद को लेकर कोई सार्वजनिक सूचना तक नहीं जारी की गई। आइएफजे फ्रीडम रिपोर्ट 2018 के मुताबिक, भारत में मई 2017 से अप्रैल 2018 में 82 बार इंटरनेट बंद हुआ जबकि पाकिस्तान में सिर्फ 12 बार इंटरनेट बंद करने की नौबत आई। श्रीलंका में एक बार और बांग्लादेश में पांच बार इंटरनेट बंद रहा। एसएफएलसी की रिपोर्ट की माने तो 139 दिनों के लिए अगस्त 2019 में 370 को बेअसर करने के बाद इंटरनेट बंद रहा। 133 दिन जुलाई 2016 में बुरहान वानी की मौत के बाद हुई हिंसा के चलते इंटरनेट बंद रहा। 100 दिन तक 2017 में अलग गोरखालैंड की मांग को लेकर दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल में इंटरनेट बंद रहा।




उत्तर प्रदेश

## क्या कहता है नियम

सूचना के अधिकार कानून (आरटीआइ) 2005 के तहत संचार मंत्रालय दूरसंचार विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, दूरसंचार अस्थायी सेवा निलंबन (लोक आपात या लोक सुरक्षा) नियम, 2017 के तहत राज्य सरकारों को यह अधिकार दिया गया है कि लोक आपात या फिर जन सुरक्षा के लिए दूरसंचार सेवाओं को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर सकते हैं। लेकिन ऐसे मौकों पर भी यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि सरकार की ओर से नगद रहित अर्थव्यवस्था को फर्क नहीं पड़ना चाहिए। इंटरनेट प्रतिबंधित रहने पर भी नगारिक सेवाएं जैसे बैंकिंग आदान-प्रदान, क्रेडिट और डेबिट कार्ड का उपयोग और इंटरनेट बैंकिंग चालू रहने चाहिए। लेकिन इस आदेश का कहीं पालन नहीं दिखा। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत बरेली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़, संभल, बागपत में इंटरनेट ठप होने के बाद स्थानीय मीडिया में छपी रिपोर्टों के अनुसार 11 घंटे तक लोग बैंकिंग सेवा के लिए तरस गए। रेलवे टिकट भी बुक नहीं हो सके। उपभोक्ता मामलों के जानकार खालिद मुहम्मद जीलानी कहते हैं कि टेलीकॉम कंपनियां उपभोक्ताओं से हर मिनट के हिसाब से इंटरनेट का चार्ज लेती हैं जब प्रशासन की ओर से इंटरनेट बंद किया जाए तो उपभोक्ताओं को उसका वाजिब हिसाब मिलना चाहिए या इंटरनेट का समय बढ़ाना चाहिए।

www.readwhere.com

# राहुल-प्रियंका को पुलिस ने मेरठ जाने से रोका

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

● विरोध प्रदर्शनों में मारे गए लोगों के परिजनों से मिलने जा रहे थे

राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (राष्ट्रीय नागरिकता पंजी) और नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ मेरठ में हुए प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों से मंगलवार को मिलने जा रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को मेरठ पुलिस ने धारा-144 का हवाला देते हुए शहर की सीमा, थाना परतापुर में ही रोक दिया। नोटिस थमाए जाने के बाद दोनों नेता वापस दिल्ली लौट गए।

रोके जाने के बाद प्रियंका ने फोन पर मृतकों के परिजनों से बातचीत की। घटना की कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य प्रमुख नेताओं ने कड़ी आलोचना की। राहुल ने कहा, 'हमें कोई ऑर्डर नहीं दिखाया गया। वापस जाने के लिए कहा।' राहुल-प्रियंका के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी भी थे। तिवारी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को बताया कि दोनों नेता मंगलवार सुबह दिल्ली से मेरठ के लिए निकले थे। शांति व्यवस्था के मद्देनजर उनकी यात्रा गोपनीय रखी गई। पहले हमारे नेताओं को मुरादनगर में फिर मेरठ के बाहर रोका गया। प्रशासन का कहना था कि अभी स्थिति ठीक नहीं है और नेताओं के जाने से अशांति पैदा हो सकती है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि अगले दो-तीन दिनों में अधिकारी खुद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को लेकर मेरठ जाएंगे।

मेरठ प्रशासन ने एक प्रेस नोट जारी कर धारा 144 लागू होने की दलील देते हुए राहुल-प्रियंका को रोके जाने की बात कही है। परतापुर क्षेत्र में राहुल-प्रियंका को यह नोटिस दिखाया गया जिसमें धारा 144 और इलाके की अतिसंवेदनशील का जिक्र था। नोटिस में कहा गया था कि आपके आगमन से विधि व्यवस्था संबंधी कोई प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसका संपूर्ण दायित्व आपका भी माना जाएगा।

नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ पिछले हफ्ते मेरठ समेत उप्र के कई शहरों में हिंसक प्रदर्शन हुए थे, जिसमें भीड़ ने इस्लामाबाद पुलिस चौकी फूंक दी थी और कई जगह आगजनी हुई थी। हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी जबकि तीन पुलिसवालों को भी गोली लगी थी। गत रविवार को प्रियंका ने बिजनौर में उन दो युवकों के परिवारों से मुलाकात की थी जो प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा में मारे गए थे। प्रियंका ने सोमवार दोनों युवकों को 'शहीद' करार देते हुए लोगों से संविधान की रक्षा करने का संकल्प लेने के लिए कहा था।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर इस घटना को अलोकतांत्रिक बताया जबकि पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र ने भी ट्वीट कर इसकी कड़ी निंदा की। उन्होंने लिखा कि आज भारत को एक मरहम की जरूरत है, विपक्षी नेताओं पर पाबंदी की नहीं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी ट्वीट कर इस घटना को अलोकतांत्रिक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

# हेमंत सोरेन 29 को लेंगे झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ

रांची, 24 दिसंबर (भाषा)।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य विधानसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन मंगलवार की रात सात बजे गठबंधन के सभी विधायकों की बैठक में हिस्सा लेने के बाद रात आठ बजे राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू से मिलकर प्रदेश में सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल की अनुमति मिलने पर वह 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण करेंगे। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि झारखंड विधानसभा के चुनावों में विजयी विपक्षी गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन ने राज्यपाल से रात आठ बजे मिलने का समय लिया था।

सूत्रों के अनुसार विपक्षी गठबंधन के नेता सोरेन के साथ झामुमो, कांग्रेस और राजद के 35 अन्य नवनिर्वाचित विधायक भी राज्यपाल से मिलने गए। इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता अभिषेक प्रसाद पिंटू ने बताया कि शाम सात बजे झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन के आवास पर तीनों गठबंधन सहयोगियों झामुमो, कांग्रेस और राजद के सभी विधायकों की बैठक हुई। इस बैठक में हेमंत सोरेन को औपचारिक तौर पर गठबंधन दल का नेता चुना गया। सोरेन ने सोमवार रात में ही कहा था कि वह अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ 29 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में दोपहर एक बजे शपथ ग्रहण करेंगे। झारखंड विधानसभा चुनावों में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को 81 में से 47 सीटें मिली हैं। इस बीच सोरेन ने कहा कि यदि संशोधित नागरिकता कानून की वजह से झारखंड से एक भी व्यक्ति हटता है तो इसे लागू नहीं किया जाएगा।

## सोरेन विधायक दल के नेता

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नवनिर्वाचित विधायकों ने सर्वसम्मति से पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को मंगलवार को विधायक दल का नेता चुन लिया। झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन के घर पर नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में हेमंत सोरेन को सभी 28 विधायकों ने सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना।

## झाविमो बिना शर्त देगी समर्थन

रांची, 24 दिसंबर (भाषा)।

बाबूलाल मरांडी की झारखंड विकास मोर्चा (प्र) ने मंगलवार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनने वाली गठबंधन की सरकार को बिना शर्त बाहर से समर्थन देने की घोषणा की है। झाविमो प्रदेश कार्यालय पर बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में पार्टी प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने इस आशय की घोषणा की।

ज्ञातव्य है कि विपक्षी गठबंधन में झाविमो अपनी शर्तों के चलते शामिल नहीं हो सकी थी। स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद गठबंधन ने झाविमो से औपचारिक तौर पर समर्थन नहीं मांगा है लेकिन आज पार्टी ने स्वयं इस आशय की घोषणा की। राज्य में विधानसभा चुनावों में इस बार झाविमो को कुल तीन सीटें ही हासिल हुई हैं। बाबूलाल मरांडी की समर्थन की घोषणा के तुरत बाद हेमंत सोरेन उनसे मिलने उनके आवास पर पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया।

# डाक्टरों को हिंसा से बचाने के नए मसौदे को आगे बढ़ाएगा स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (भाषा)।

डाक्टरों की सुरक्षा के लिए अलग से कानून बनाने की पहल को गृह मंत्रालय द्वारा नकारे जाने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को प्रस्तावित कानून के मसौदे को नए सिरे से आगे बढ़ाने का फैसला किया है। गृह मंत्रालय ने किसी पेशे से जुड़े लोगों की सुरक्षा के लिए अलग से कानून बनाने को गैरजरूरी बताते हुये प्रस्तावित विधेयक के मसौदे को मंजूरी देने से मना कर दिया था।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड के 20वें दीक्षांत समारोह में कहा, 'चिकित्सकों पर ड्यूटी के दौरान होने वाले हमलों की सच्चाई से सरकार अवगत है। इसके मद्देनजर सरकार डाक्टरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। इसके लिए कानून का मसौदा बनाया जा रहा है।' समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन और मंत्रालय की सचिव प्रीति सूदन भी मौजूद थीं। समारोह के बाद संवाददाताओं से बातचीत में डा. हर्षवर्धन ने भी इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि डाक्टरों की सुरक्षा के लिए पृथक कानून बनाने के मुद्दे पर विचार-विमर्श चल रहा है। गृह मंत्रालय द्वारा इस विचार को पहले ही नकार दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'विधेयक के विभिन्न पहलुओं पर अभी विचार चल रहा है।'

## कश्मीर से अर्द्धसैनिक बलों की 72 टुकड़ियां हटाने का फैसला

पेज 1 का बाकी

जा रहा है। कश्मीर घाटी में हालात सामान्य होने के कारण सीआरपीएफ की 24 और बीएसएफ, आइटीबीपी, सीआइएसएफ और सीएपीएफ की 12-12 टुकड़ियों को वापस बुलाया जाएगा। केंद्र सरकार का यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

इस बारे में फैसला लेने के लिए बुलाई गई गृह मंत्रालय की बैठक में सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत, जम्मू कश्मीर के एलजी जीसी मुर्मू, सीआरपीएफ के महानिदेशक आरआर भटनागर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के आला अधिकारी शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि वहां से हटाए गए सुरक्षा बलों को वहीं भेजा जाएगा, जहां से उन सबको कश्मीर भेजा गया था। इस साल जुलाई के अंत में सरकार ने जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ की 50 कंपनियां, बीएसएफ की 10 कंपनियां, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 30 और आइटीबीपी की 10 कंपनियां तैनात करने का निर्णय लिया था।

# भारतीयों को नहीं भा रहा विदेशी प्याज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 दिसंबर।

● भारतीय रसोई घरों में इसके जायके के खारिज हो जाने के मद्देनजर खुदरा विक्रेता मंडी में मौजूद प्याज की इस विदेशी नस्ल को हाथ तक लगाने को तैयार नहीं हैं।

विदेशी प्याज खरीदकर घरेलू बाजार में इसकी कीमतों को काबू करने की सरकारी कवायद कामयाब होती नहीं दिख रही। भारतीय रसोई घरों में इसके जायके के खारिज हो जाने के मद्देनजर खुदरा विक्रेता मंडी में मौजूद प्याज की इस विदेशी नस्ल को हाथ तक लगाने को तैयार नहीं हैं। शायद यही वजह है कि होटलों से लेकर प्रमुख ढाबों तक में इसको खपाने की कोशिश की जा रही है।

उपभोक्ता मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एमएमटीसी ने अभी तक करीब 50 हजार टन प्याज के आयात का अनुबंध अलग अलग देशों से किया है। इसमें से 790 टन की पहली खेप आ गई है जबकि 1200 टन की दूसरी खेप दिसंबर के आखिर तक पहुंचने की उम्मीद है। आयातित प्याज की पहली खेप दिल्ली और आंध्र प्रदेश को दी गई है क्योंकि इन्हीं दोनों राज्यों ने सबसे पहले प्याज आपूर्ति की मांग की थी। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि दिल्ली के खुदरा व्यापारी इस प्याज को मंडी से उठाकर बाजार में पहुंचाने को कतई तैयार नहीं हैं।

दिल्ली में आलू-प्याज के कारोबारियों के संगठन के प्रधान राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि विदेशी प्याज देखने में तो देसी प्याज से ज्यादा आकर्षक होता ही है, वजन की दृष्टि से भी एक-एक प्याज करीब आधे-आधे किलो का है। लेकिन शायद इसका जायका भारतीय परिवारों को नहीं भा रहा। यहां के लोगों को देसी प्याज का स्वाद ही अच्छा लगता है। इसके बदले लोग विदेशी प्याज नहीं खरीदना चाह रहे। उनहोंने बताया कि खुदरा व्यापारियों का कहना है कि चूंकि लोग विदेशी प्याज नहीं खरीद रहे, इसीलिए वे इसको बाजार में ले नहीं जा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि फिलहाल इस विदेशी प्याज से देश के होटलों, रेस्तराओं व ढाबों की मांग की पूर्ति की जा रही है।

अधिकारियों की मानें तो 2019-20 के फसल वर्ष में प्याज की खरीफ की फसल में करीब 26 फीसद की गिरावट की आशंका है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र कर्नाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि प्रमुख प्याज उत्पादक राज्यों में मानसून में देरी और फिर भारी बारिश के कारण फसलों को हुए नुकसान की वजह से यह स्थिति पैदा हुई है। प्याज के कारोबारियों का यह मानना है कि जनवरी के बाद ही प्याज की कीमतों में कमी आएगी जो अभी पूरे देश में 100 से 180 रुपए प्रति किलो तक बनी हुई है।

## विधानसभाध्यक्ष दिनेश उरांव का इस्तीफा

रांची, 24 दिसंबर (भाषा)।

झारखंड के विधानसभाध्यक्ष डॉक्टर दिनेश उरांव ने मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने मंगलवार जारी एक वाक्य के इस्तीफे में लिखा है, 'मैं दिनेश उरांव, अध्यक्ष, झारखंड विधानसभा, आज दिनांक 24/12/2019 को अपराह्न से अध्यक्ष के पद का त्याग कर रहा हूं।' विधानसभाध्यक्ष दिनेश उरांव भी राज्य विधानसभा चुनावों के कल घोषित परिणामों में अपनी सिसई विधानसभा सीट से 38,440 मतों के भारी अंतर से पराजित हो गर थे। उन्हें झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिग्गा सुसारण होरो ने पराजित किया।

इस सीट पर जहां होरो को 93,591 मत प्राप्त हुए वहीं दिनेश उरांव को सिर्फ 55,151 मत प्राप्त हो सके। कल घोषित परिणाम में 81 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को सिर्फ 25 सीटें हासिल हुई हैं, वहीं विपक्षी झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस-राजद गठबंधन को कुल 47 सीटें मिली हैं। दिनेश उरांव छह जनवरी को चौथी विधानसभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे।

# चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पद पर मुहर

पेज 1 का बाकी

सेना से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सीडीएस अन्य सेना प्रमुखों के समान ही होंगे। हालांकि, प्रोटोकाल की सूची में सीडीएस को सेना प्रमुखों से वरिष्ठ बनाया गया है। सीडीएस को लेकर प्रस्ताव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंजूरी दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, सैन्य मामलों के प्रमुख होंगे और वह चार स्टार जनरल होंगे। उनका वेतन सेना प्रमुख के समान होगा। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ सैन्य मामलों के विभाग के प्रमुख होंगे, जिसका सृजन रक्षा मंत्रालय करेगा और वह इसके सचिव के रूप में काम करेंगे।

सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट समिति ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के नेतृत्व वाली उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट को भी मंजूरी दे दी। इस समिति ने सीडीएस की जिम्मेदारियों और ढांचे को अंतिम रूप दिया था। सीडीएस की नियुक्ति का मकसद आने वाली सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना है। जानकारों के मुताबिक, सीडीएस के जरिए युद्ध के समय तीनों सेनाओं के बीच प्रभावी समन्वय कायम किया जा सकेगा। इससे दुश्मनों का सक्षम तरीके से मुकाबला करने में मदद मिलेगी। दरअसल, सशस्त्र बलों की ऑपरेशनल प्लानिंग में कई बार खामियां सामने आईं। 1962 में चीन के साथ भारत का युद्ध हुआ था। उस युद्ध में भारतीय वायुसेना को कोई भूमिका नहीं दी गई थी, जबकि भारतीय वायुसेना तिब्बत के पठार पर जमा हुए चीनी सैनिकों को निशाना बना सकती थी।

## मारुति के पूर्व प्रबंध निदेशक खट्टर के खिलाफ मामला दर्ज

पेज 1 का बाकी

नेशनल बैंक (पीएनबी) को 110 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। सीबीआइ ने सोमवार शाम को 77 वर्षीय खट्टर और उनकी कंपनी कारनेशन ऑटो के परिसरों पर छापेमारी की थी। खट्टर 1993 से 2007 तक मारुति उद्योग लि. से जुड़े रहे। वह कंपनी के प्रबंध निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद खट्टर ने कारनेशन ऑटो की शुरुआत की। इसके लिए 2009 में उन्हें 170 करोड़ रुपए का कर्ज मंजूर किया गया। प्राथमिकी में कहा गया है कि इस ऋण को 2015 में गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घोषित कर दिया गया। यह निर्णय 2012 से प्रभावी बनाया।

सीबीआइ का आरोप है कि खट्टर और उनकी कंपनी ने धोखाधड़ी से बैंक के पास बंधक रखे सामान को बेच दिया। इसके लिए बैंक की अनुमति नहीं ली गई। बैंक की ओर से किए गए फॉरेंसिक ऑडिट से पता चलता है कि 66.92 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां बिना उसकी मंजूरी के 4.55 करोड़ रुपए में बेची गईं। इसमें यह भी आरोप लगाया गया है कि खट्टर ने बिक्री से प्राप्त इस राशि को बैंक के पास जमा नहीं कराया और बेइमानी और धोखाधड़ी से इसे अनुषंगियों और अन्य संबद्ध इकाइयों को स्थानांतरित कर दिया।

प्राथमिकी में कहा गया है कि इस मामले में बैंक अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। बैंक के अधिकारियों ने कथित रूप से स्टॉक का मासिक सत्यापन नहीं किया। बैंक ने अपनी शिकायत में पांच आरोपियों का उल्लेख किया है। इसमें खट्टर ऑटो इंडिया प्राइवेट लि., कारनेशन रियल्टी प्राइवेट लि. और कारनेशन इंश्योरेंस ब्रोंकिंग कंपनी प्राइवेट लि. का नाम भी शामिल है। लेकिन सत्यापन की प्रक्रिया में इनकी इस मामले में कोई प्रत्यक्ष भूमिका दिखाई नहीं दी। जांच एजंसी ने पीएनबी की शिकायत पर खट्टर और उनकी कंपनी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

## जनगणना 2021 और एनपीआर को मंजूरी

पेज 1 का बाकी

यह स्वयं घोषित स्वरूप का होगा। इसके लिए किसी सबूत की जरूरत नहीं होगी और न ही कोई दस्तावेज देना होगा। इसके लिए एक मोबाइल ऐप भी बनाया गया है। एनपीआर के उद्देश्यों में कहा गया है कि एनपीआर देश के स्वाभाविक निवासियों का रजिस्टर है। यह नागरिकता संशोधन कानून 1955 और नागरिकता (नागरिकों के पंजीकरण और राष्ट्रीय पहचान कार्ड जारी) करने के नियम 2003 के प्रावधानों के तहत स्थानीय स्तर पर (गांव/उप शहर), उप जिला, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किया जाएगा।

सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, एनपीआर का मकसद देश के स्वभाविक निवासियों की समग्र पहचान का डाटाबेस तैयार करना है। इसमें भौगोलिक और बायोमेट्रिक जानकारी उपलब्ध होगी। एनपीआर के आंकड़े पिछली बार 2010 में घर की सूची तैयार करते समय लिए गए थे, जो 2011 की जनगणना से जुड़े थे। 2015 में घर- घर जाकर इन आंकड़ों को अपग्रेड किया गया था।

भारत में अब तक 15 बार जनगणना हो चुकी है। आजादी से पहले अंग्रेजों ने भारत की आठ बार जनगणना करवाई थी। आजादी के बाद सात जनगणना हो चुकी है। जावड़ेकर के मुताबिक, एनपीआर पहली बार 2010 में यूपीए सरकार में शुरू हुआ और सभी लोगों का रजिस्टर बना और उसके कार्ड तत्कालीन मनमोहन सरकार ने वितरित किए थे। 2015 में इसका उन्नयन हुआ। उन्होंने कहा कि इसे सभी राज्यों ने स्वीकार किया है, सभी राज्यों ने नोटिफिकेशन निकाले हैं, सभी राज्यों में कमर्चारियों के प्रशिक्षण हो रहे हैं। जो भी भारत में रहता है, उसकी गणना इसमें होगी। उन्होंने कहा कि एनपीआर से सरकारी योजनाओं के सही लाभार्थियों की पहचान हो पाएगी और यह भी पता चल पाएगा कि योजना का लाभ उन तक पहुंच रहा है या नहीं? जावड़ेकर ने कहा कि आयुष्मान, उज्जवला, सौभाग्य जैसी योजनाओं के लिए लाभार्थियों की पहचान होगी। सभी और सही लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचे, यह सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने बताया कि बंगाल, तमिलनाडु, ओड़ीशा, मणिपुर में पीडीएस (सर्वम) के लिए एनपीआर में दर्ज जानकारी उपयोग में लाई गई।

## दिल्ली में प्रदर्शनों के दौरान दूरसंचार सेवाएं बंद करने के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली, 24 दिसंबर (भाषा)।

दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को वह याचिका स्वीकार करने से इनकार कर दिया जिसमें आरोप लगाया गया कि राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए दूरसंचार सेवाओं को बंद कर दिया गया था।

मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर के पीठ को केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल संजय जैन ने बताया कि 19 दिसंबर को दूरसंचार सेवाएं महज चार घंटे के लिए बाधित की गई थीं और अब ऐसा कुछ नहीं है। इसके बाद पीठ ने जनहित याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सीएए के विरोध में 19 दिसंबर को राजधानी दिल्ली में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। जैन ने कहा कि दूरसंचार सेवाओं पर पाबंदी के लिए जो निर्देश जारी किए गए थे, उनमें किसी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया है। याचिका एसएफएलसी डॉट इन नाम की संस्था ने दायर की थी। अदालत ने याचिका अस्वीकार करते हुए कहा कि सेवाओं के बाधित रहने से याचिकाकर्ता संस्था या किसी अन्य को यदि कोई नुकसान हुआ है तो वह मुकदमा दायर कर क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है।

याचिका में कहा गया कि दिल्ली में दूरसंचार सेवाओं पर पाबंदी का आदेश पुलिस उपायुक्त की ओर से जारी किया गया।

# दिवाला कानून में संशोधन के लिए अध्यादेश मंजूर

पेज 1 का बाकी

अक्षमता (दूसरा संशोधन) विधेयक को विचार के लिए वित्त संबंधी स्थायी समिति को भेज दिया, जिसके सदस्य पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह हैं। पूर्व वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता वाली समिति को इस विधेयक पर विचार करके तीन महीने में रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है।

इन बदलावों के बाद कॉरपोरेट कर्जदार पर दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू होने से पहले किए गए किसी अपराध के लिए कोई देनदारी नहीं बनेगी। इसके अलावा कॉरपोरेट कर्जदार पर न्यायिक प्राधिकरण द्वारा समाधान योजना को मंजूर करने की तारीख से किसी ऐसे अपराध के लिए अभियोजन नहीं चलाया जा सकेगा।

केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर के मुताबिक, मंत्रिमंडल ने संहिता में संशोधन के अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। इस संशोधन से आइबीसी, 2016 की विसंगतियां दूर होंगी और संहिता का सुगमता से क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। सरकार ने 12 दिसंबर को संहिता में संशोधन के लिए विधेयक लोकसभा में पेश किया था।

लोकसभा में पेश विधेयक का मकसद अड़चनों को दूर करना और कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया को सुसंगत बनाना है। इसमें सफल बोलीदाताओं को संबंधित कंपनियों के पूर्व प्रवर्तकों द्वारा किए गए किसी अपराध में आपराधिक प्रक्रियाओं से सुरक्षा मिलेगी। यह संहिता दबाव वाली संपत्तियों का समयबद्ध तरीके से बाजार मूल्य के हिसाब से समाधान सुनिश्चित करती है। इसमें इससे पहले तीन बार संशोधन किया जा चुका है।

लोकसभा सचिवालय के बुलेटिन के अनुसार, संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पेश चार अन्य विधेयकों को भी विचारार्थ संसद की विभिन्न स्थायी समितियों के पास भेजा गया है। इनमें जल दस्यु रोकथाम संबंधी विधेयक, श्रमिकों के कल्याण संबंधी विधेयक और माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण से संबंधित विधेयक शामिल है।

# एनपीआर और एनआरसी में मूलभूत अंतर : शाह

पेज 1 का बाकी

लेकिन, एनआरसी में हर व्यक्ति से सबूत मांगे जाते हैं कि आप किस आधार पर भारत के नागरिक हैं।

गृह मंत्री का बयान आने से पहले गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर) से जमा किए जाने वाले आंकड़ों के आधार पर राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) तैयार करने के लिए कवायद करने की फिलहाल सरकार की कोई योजना नहीं है।

अमित शाह ने कहा कि एनपीआर और एनआरसी- दोनों प्रक्रिया का एक-दूसरे से कोई लेनदेन नहीं है और न दोनों प्रक्रिया का एक-दूसरे के सर्वे में उपयोग हो सकता है। एनपीआर के लिए अभी जो प्रक्रिया चलेगी, उसका उपयोग एनआरसी के लिए नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि एनपीआर की जरूरत इसलिए है कि हर 10 साल में अंतरराज्यीय स्तर पर जनगणना में जबर्दस्त उथल-पुथल होती है। एक राज्य के लोग दूसरे राज्य में जाकर बस जाते हैं। जो लोग दूसरे राज्य में बसे हैं, उनकी जरूरतों के मुताबिक योजनाओं का आधार एनपीआर होगा।

उन्होंने कहा कि यह यह प्रक्रिया भाजपा सरकार ने शुरू नहीं की।

यूपीए सरकार ने 2004 में एक कानून बनाया और 2010 की जनगणना के साथ एनपीआर सर्वे हुआ। शाह ने कहा कि देशव्यापी एनआरसी पर बहस की कोई जरूरत ही नहीं है क्योंकि अभी इस पर कोई चर्चा ही नहीं हो रही है।

दूसरी ओर, एनआरसी और संशोधित नागरिकता अधिनियम को लेकर चल रहे विवाद के मद्देनजर गृह मंत्रालय ने कहा, 'एनपीआर आंकड़ों के आधार पर समूचे देश के लिए एनआरसी तैयार करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।'

## प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल का रास्ता रोक कर लौटाया

पेज 1 का बाकी

करीब 50 लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। ऐसा बताया जा रहा है कि ये लोग सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के श्रमिक संघ की शाखा से जुड़ी शिक्षा बंधु समिति के सदस्य थे। धनखड़ आयोजन स्थल तक जाने के लिए जब अपनी कार से उतरे तो प्रदर्शनकारियों ने 'वापस जाओ', 'नो एनआरसी, नो सीएए' के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों द्वारा रास्ता रोकने पर राज्यपाल ने कुलपति सुरंजन दास को फोन किया और बाद में उन पर मूक दर्शक बने रहने का आरोप लगाया।

धनखड़ ने परिसर से रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा, 'हम यहां पर ऐसी व्यवस्था बने रहने नहीं दे सकते। पूरी तरह से अराजकता की स्थिति नहीं हो सकती। कानून का शासन पूरी तरह से खत्म हो गया है।' उन्होंने कहा कि वह हैरान है कि कैसे लोगों का एक छोटा-सा समूह छात्रों के भविष्य को तबाह कर सकता है। धनखड़ ने कहा कि प्रदर्शनकारियों में से कोई भी छात्र नहीं था। इससे पहले सोमवार को भी राज्यपाल से विश्वविद्यालय में धक्कामुक्की की गई थी और उन्हें काले झंडे दिखाए गए थे।

इससे एक दिन पहले धनखड़ ने 24 दिसंबर को होने वाले विशेष दीक्षांत समारोह स्थगित करने के विश्वविद्यालय के फैसले को 'अवैध और अमान्य' बताया था।

## भारत की अर्थव्यवस्था गंभीर सुस्ती के दौर में : आइएमएफ

पेज 1 का बाकी

के साथ मुख्य मुद्दा अर्थव्यवस्था में सुस्ती का है। हमारा अब भी मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्ती संरचनात्मक नहीं, चक्रीय है। इसकी वजह वित्तीय क्षेत्र का संकट है। इसमें सुधार उतना तेज नहीं होगा, जितना हमने पहले सोचा था। यह मुख्य मुद्दा है। इस दौरान आइएमएफ ने भारत पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट भी जारी की।

भारत के लिए परिदृश्य नीचे की ओर जाने का है। ऐसे में आइएमएफ के निदेशकों ने ठोस वृहद आर्थिक प्रबंधन पर जोर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निदेशकों को लगता है कि मजबूत जनादेश वाली नई सरकार के सामने यह सुधारों को आगे बढ़ाने का एक बेहतर अवसर है। इससे समावेशी और सतत वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा। सलगादो ने कहा कि भारत इस समय गंभीर सुस्ती के दौर में है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर 4.5 फीसद पर आ गई है, जो इसका छह साल का निचला स्तर है। वृद्धि आंकड़ों से पता चलता है कि तिमाही के दौरान घरेलू मांग सिर्फ एक फीसद बढ़ी है।

सलगादो ने कहा कि इसकी वजह गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के ऋण में कमी है। इसके अलावा व्यापक रूप से ऋण को लेकर परिस्थितियां सख्त हुई हैं। साथ ही आमदनी, विशेष रूप से ग्रामीण आय कम रही है। इससे निजी उपभोग प्रभावित हुआ है।

www.readwhere.com

# मनु और अनीश को स्वर्ण पदक

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सीनियर और जूनियर वर्ग के खिताब जीते

भोपाल, 24 दिसंबर (भाषा)।



*17 साल* की मनु मंगलवार को चार स्वर्ण पदक (सीनियर और जूनियर वर्ग में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में) जीते। *वह* प्रतियोगिता में पहले ही दो स्वर्ण जीत चुकी थी। *उन्होंने* खिताबी जीत के दौरान राष्ट्रीय क्वालीफिकेशन रेकार्ड की बराबरी भी की।

राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन मनु भाकर और अनीश भानवाला ने मंगलवार को राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपिनशिप की क्रमशः महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में सीनियर और जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रही 17 साल की मनु मंगलवार को चार स्वर्ण पदक (सीनियर और जूनियर वर्ग में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में) जीते। वह प्रतियोगिता में पहले ही दो स्वर्ण जीत चुकी थी। उन्होंने खिताबी जीत के दौरान राष्ट्रीय क्वालीफिकेशन रेकार्ड की बराबरी भी की।

मनु के राज्य के साथी 17 साल के अनीश ने भी सीनियर और जूनियर वर्ग में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर दबदबा बनाया। भारत के लिए तोक्यो ओलंपिक के 15 कोटे में से एक हासिल करने वाली मनु ने क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ दक्षिण एशियाई खेलों में अनु राज सिंह के राष्ट्रीय रेकार्ड की बराबरी की। उन्होंने इसके बाद आठ निशानेबाजों के फाइनल में 243 अंक के साथ खिताब जीता।

देवांशी धामा ने 237.8 अंक के साथ रजत जबकि तोक्यो ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुकी यशस्विनी सिंह देसवाल ने 217.7 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। अनीश ने 28 अंक के साथ रेपिड फायर फाइनल में राजस्थान के भावेश शेखावत को पछाड़कर खिताब जीता।

भावेश ने 26 जबकि चंडीगढ़ के विजयवीर सिद्धू ने 22 अंक जुटाए। अनीश क्वालीफिकेशन में भी 582 अंक के साथ शीर्ष पर रहे।

# केरल के खिलाफ फिटनेस साबित करेंगे बुमराह

सूरत, 24 दिसंबर (भाषा)।

भारत के चोटी के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गुजरात और केरल के बीच बुधवार से शुरू होने वाले रणजी मैच में खेलेंगे जिसमें राष्ट्रीय टीम में वापसी से पहले उनकी फिटनेस का आकलन किया जाएगा। बुमराह चोटिल होने के कारण सितंबर से ही बाहर हैं। सोमवार को उन्हें श्रीलंका और आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली क्रमशः टी20 और वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।



चयनसमिति के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद भी केरल के खिलाफ इस मैच के दौरान उपस्थित रहेंगे। भारत के तीनों प्रारूपों में गेंदबाजी के अगुआ बुमराह आखिरी बार राष्ट्रीय टीम की तरफ से वेस्ट इंडीज में टैस्ट श्रृंखला में खेले थे। जमैका में दूसरे मैच में वह टैस्ट हैट्रिक लेने वाले केवल दूसरे भारतीय गेंदबाज बने थे। उन्होंने वेस्ट इंडीज के खिलाफ पिछले सप्ताह विशाखापत्तनम में दूसरे वनडे से पहले अभ्यास सत्र में पूरे प्रवाह में गेंदबाजी की जिससे उनकी वापसी की संभावना बनी।

बुमराह ने अभी तक 12 टैस्ट मैचों में 19.24 की औसत से 62 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उनके नाम पर वनडे में 103 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 51 विकेट दर्ज हैं।

बुमराह की वापसी से गुजरात का तेज गेंदबाजी आक्रमण भी मजबूत होगा। गुजरात ने अपने पहले मैच में हैदराबाद को आसानी से हराया था और उसके बाद यह उसका दूसरा मैच है। केरल ने पहले मैच में दिल्ली को ड्रा कराने का मौका दिया जबकि दूसरे मैच में उसे बंगाल से हार का सामना करना पड़ा था।

## रणजी ट्राफी : रहाणे, साव के पास प्रभाव छोड़ने का मौका

मुंबई, 24 दिसंबर (भाषा)।

टैस्ट विशेषज्ञ अजिंक्य रहाणे और पृथ्वी साव को मुंबई और रेलवे के बीच आज शुरू होने वाले रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप बी मैच में प्रभाव छोड़ने का एक और मौका मिलेगा।

रहाणे बड़ौदा के खिलाफ मैच में रन नहीं बना पाए थे जिसे 41 बार के चैंपियन मुंबई ने 309 रन से जीता था। रहाणे लंबे समय बाद लगातार दो रणजी मैच में खेल रहे हैं और भारत ए टीम के साथ न्यूजीलैंड जाने से पहले उनके पास घरेलू सरजमीं पर बड़ा स्कोर खड़ा करने का यह अच्छा मौका होगा।

साव को भी न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में चुना गया है। उन्होंने डोपिंग के कारण आठ महीने का प्रतिबंध झेलने के बाद बड़ौदा के खिलाफ दोहरा शतक जड़कर शानदार वापसी की। बल्लेबाज अपनी इस फार्म को बरकरार रखने को बेताब होंगे।

**आइसीसी टैस्ट रैंकिंग** चेतेश्वर पुजारा ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा

# कोहली शीर्ष पर, रहाणे सातवें स्थान पर खिसके


दुबई, 24 दिसंबर (भाषा)।

भारतीय कप्तान विराट कोहली इस साल का अंत टैस्ट रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में करेंगे। जबकि अजिंक्य रहाणे आइसीसी की ताजा विश्व रैंकिंग में एक पायदान नीचे सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। कोहली के 928 रेटिंग अंक हैं और वह आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ से 17 अंक आगे हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (864) साल का अंत नंबर तीन के रूप में करेंगे।

चेतेश्वर पुजारा (791) ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा है लेकिन रहाणे सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। उनकी जगह पाकिस्तान के बाबर आजम ने ली है। आजम ने श्रीलंका के खिलाफ कराची में दूसरे टैस्ट मैच में नाबाद शतक और 60 रन बनाए थे और वह तीन पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

भारत की तरफ से शीर्ष 20 में शामिल अन्य बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (12वें) और रोहित शर्मा (15वें) शामिल हैं। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह ने छठा स्थान बरकरार रखा है। बुमराह चोटिल होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला से ही बाहर हैं। गेंदबाजों की सूची में आस्ट्रेलिया के पैट कमिन्स शीर्ष पर हैं। टैस्ट आलराउंडरों की सूची में रविंद्र जडेजा वेस्ट इंडीज के जैसन होल्डर के बाद दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। आइसीसी विश्व टैस्ट चैंपियनशिप में भारत 360 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद आस्ट्रेलिया (216), पाकिस्तान (80), श्रीलंका (80), न्यूजीलैंड (60) और इंग्लैंड (56) का नंबर आता है।

### क्रिकेट आस्ट्रेलिया : कोहली, धोनी दशक के टैस्ट व वनडे कप्तान



क्रिकेट आस्ट्रेलिया की आधिकारिक समाचार वेबसाइट ने विराट कोहली को दशक की टैस्ट एकादश का कप्तान चुना है जबकि दशक की एकदिवसीय टीम की कमान महेंद्र सिंह धोनी को सौंपी है। कोहली को टैस्ट और वनडे दोनों प्रारूपों की टीमों में जगह मिली है। वह अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 70 शतक जड़ चुके हैं और केवल सचिन तेंदुलकर (100) और रिकी पोंटिंग (71) से पीछे हैं।

## राष्ट्रीय टीम में जगह बनाना प्रेरणा रहा : सूर्यकुमार

मुंबई, 24 दिसंबर (भाषा)।

इस साल सभी छोटे प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करने वाले मुंबई के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने स्वीकार किया कि सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की प्रेरणा से ही उन्होंने खेलना जारी रखा। कई बार वर्तमान में जीना मुश्किल भी होता था। सूर्यकुमार को न्यूजीलैंड के आगामी दौरे के लिए सात साल बाद भारत ए टीम में चुना गया है। यादव मुंबई रणजी टीम के कप्तान भी हैं।

उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'हां मेरा लक्ष्य भारत की तरफ से खेलना ही था।'

## पंत के अच्छे बैकअप विकल्प हैं कैरी : पोंटिंग

मेलबर्न, 24 दिसंबर (भाषा)।

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि आइपीएल नीलामी में हाल में खरीदे गए एलेक्स कैरी चौथे नंबर पर खेलते हुए टीम को काफी मैच जिता सकते हैं। वह विकेटकीपर ऋषभ पंत के अच्छे बैकअप विकल्प हैं।

'क्रिकेट.काम.एयू' ने पोंटिंग के हवाले से कहा, 'इस समय वह जो भूमिका निभा रहे हैं उसी के कारण उन्होंने मुझे और दिल्ली कैपिटल्स को प्रभावित किया।'

## भारत- श्रीलंका टी-20 का टिकट 500 रुपए से

इंदौर, 24 दिसंबर (भाषा)।

मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) ने भारत और श्रीलंका के बीच आगामी सात जनवरी को खेले जाने वाले टी-20 मैच के टिकटों की दरें घोषित कर दी हैं।

इस मैच के सबसे सस्ते टिकट के लिए दर्शकों को 500 रुपये खर्च करने होंगे। मुकाबले का गवाह बनने की इच्छा रखने वालों को सामान्य श्रेणियों की अलग-अलग दीर्घाओं के हरेक टिकट के लिए 500 से 4,920 रुपए तक चुकाने होंगे।


SIGNATURE GLOBAL
MAKING INDIA AFFORDABLE

शहर एवं ग्राम्य नियोजन विभाग, हरियाणा सरकार की 19.08.2013 दिनांक अधिसूचना सं. PF-27/48921 और उसमें संशोधन के अनुसार उल्लिखित नीति के नियमों और शर्तों पर विकसित किए जा रहे अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट के तहत आवासीय अपार्टमेंट की बुकिंग के लिए सर्वसाधारण से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। (विवरण विभागीय वेबसाइट tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध हैं)

प्रोजेक्ट के विवरण

| | |
|---|---|
| 1. कॉलोनाइजर/डेवलपर | सिग्नेचर बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. प्रोजेक्ट को प्राप्त स्वीकृति | लाइसेंस नं./वर्ष - 51/2019 दिनांक : 06.03.2019, निर्माण योजना स्वीकृति तिथि : 08.08.2019, मेमो नं.: ZP-1110/AD(RK)/2019/19109, हरियाणा रेरा प्रमाणित नं.: 51 of 2019 dated 09.09.2019 |
| 3. स्थान | सेक्टर 93, गुरुग्राम, हरियाणा। |
| 4. प्रोजेक्ट के क्षेत्रफल संबंधी प्रावधान | हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत 5 एकड़ में कुल 720 अपार्टमेंट में से 307 अपार्टमेंट आवेदकों के लिए उपलब्ध हैं। इनमें से पॉलिसी अनुसार 5% फ्लैट मैनेजमेंट कोटे में आरक्षित हैं और 95% अपार्टमेंट सर्वसाधारण के लिए हैं। समुदाय सुविधाएँ : 2000 वर्गफुट का एक समुदाय भवन और 2000 वर्गफुट का एक आँगनवाड़ी-सह-क्रेश। |

5. अपार्टमेंट के विवरण, आवंटन दर और भुगतान के नियम

अपार्टमेंट के विवरण

| कैटेगरी (टाइप) | यूनिट की संख्या | कारपेट एरिया वर्गफुट (लगभग) | बालकनी एरिया वर्गफुट (लगभग) | अपार्टमेंट के एलॉटमेंट की दर (सब मिला कर)* | आवेदन के साथ बुकिंग की राशि 5% | एलॉटमेंट पर 20% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2BHK TYPE -01 | 113 | 539.384 | 78.114 | 21,96,593.00 | 1,09,830.00 | 4,39,319.00 |
| 2BHK TYPE -03 | 120 | 594.916 | 70.849 | 24,15,088.50 | 1,20,754.00 | 4,83,018.00 |
| 2BHK TYPE -04 | 43 | 577.112 | 79.029 | 23,47,962.50 | 1,17,398.00 | 4,69,593.00 |
| 3BHK TYPE -01 (MQ) | 31 | 641.351 | 120.32 | 26,15,404.00 | 1,30,770.00 | 5,23,081.00 |

ii) बाकी 75% राशि का तीन वर्षों के दौरान 6 महीने तक बराबर किस्तों में भुगतान। भुगतान की नियत तिथि से पहले कोई ब्याज नहीं लगेगा। भुगतान में किसी चूक के लिए हर्जाना ब्याज देना होगा जैसा कि हरियाणा रीयल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, विनियम, 2017 के नियम 15 में प्रावधान है।

| | |
|---|---|
| 6. पार्किंग | प्रत्येक अपार्टमेंट के लिए दुपहिया वाहन पार्किंग। |
| 7. अपार्टमेंट के बारे में सामान्य विवरण | • फ्लोरिंग : कमरों में विट्रिफाइड टाइल्स, किचन में विट्रिफाइड/सिरामिक टाइल्स, टॉयलेट में एंटी स्किड सिरामिक टाइल्स, बालकनी में एंटी स्किड/मैट फिनिश सिरामिक टाइल्स. • खिड़कियाँ : IS कोड के अनुसार M.S. सेक्शन/अल्युमिनियम पाउडर कोटेड/UPVC • दरवाजों के फ्रेम : रेड मरंडी/माइल्ड स्टील/अल्युमिनियम पाउडर कोटेड/UPVC • वॉल टाइल : 4 फुट/7 फुट की ऊँचाई तक सिरामिक टाइल्स एवं ऊपर ऑयल बाउंड डिस्टेम्पर • किचन काउंटर टॉप ग्रीन मार्बल/ग्रेनाइट • दीवार : ऑयल बांड डिसटेंपर • सेनिटरी फिटिंग : ISI मार्क CP फिटिंग्स, W.C. और वॉश बेसिन • इलेक्ट्रिक फिटिंग : ISI मार्क। स्ट्रक्चर : IS कोर्ड और NBC के नवीनतम सुझावों के अनुसार, RCC फ्रेम स्ट्रक्चर को SESMIC फोर्स से बचाव के लिए डिज़ाइन किया गया है। |
| 8. आवेदन की समय सीमाएँ | i) आवेदन पत्र दिनांक 25.12.2019 से आवेदन शुल्क 1000 रुपये भुगतान कर Signature Builders Pvt. Ltd., Corp. Office - Ground Floor, Tower A, Signature Tower, South City -1, Gurugram, Haryana-122001, 0124-4908200 से प्राप्त और इसी पते पर जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कॉल करें : 7053-121-121 ii) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 17.01.2020. iii) वितरण और संग्रह केंद्रों की सूची www.signatureglobal.in पर उपलब्ध है। iv) आवेदन पत्र प्राप्त करने और ऑनलाइन आवेदन जमा करने की सुविधा www.signatureglobal.in पर भी उपलब्ध है। |

योग्यता : 1. आवेदक पर किसी मौजूदा कानून के तहत कानूनी तौर पर बाध्यकारी करार करने पर रोक नहीं हो। 2. आवेदन कोई भी कर सकता है हालांकि एलॉटमेंट में प्राथमिकता PMAY (पीएमएवाई) लाभार्थियों को दी जाएगी जिनमें आवेदक समेत उनकी पत्नी (या पति) या आश्रित संतान शामिल हैं जिनकी पहचान 'प्रधानमंत्री आवास योजना – सबके लिए आवास' प्रोग्राम के तहत शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा के तहत की गई हो। पहली प्राथमिकता कथित शहर के पहचान किए गए लाभार्थियों को दी जाएगी। इसके बाद हरियाणा राज्य के अन्य पीएमएवाई लाभार्थियों को दी जाएगी। इसके बाद बचे फ्लैट के एलॉटमेंट में ऐसे आवेदक समेत उनकी पत्नी (या पति) या आश्रित संतान को प्राथमिकता दी जाएगी जिनका हुडा की किसी कॉलोनी/सेक्टर या हरियाणा शहरी क्षेत्र या केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की किसी लाइसेंस्ड कॉलोनी में अपना फ्लैट/प्लॉट नहीं हो। 3. एक व्यक्ति एक ही आवेदन कर सकता है। इस नीति के तहत सफल कोई भी आवेदक इस नीति के तहत अन्य किसी कॉलोनी में अन्य फ्लैट के लिए आवेदन योग्य नहीं माना जाएगा। यदि कोई आवेदक एक से अधिक कॉलोनी में आवंटन के लिए सफल होता है तो पसंद का केवल एक फ्लैट चुनना होगा।

आवंटन के मानक : 1. अपार्टमेंट का आवंटन एक समिति के सामने लॉट्री से होगा। समिति में उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि (न्यूनतम हरियाणा लोक सेवा स्तर के अधिकारी), वरिष्ठ नगर नियोजक (सर्कल कार्यालय), संबद्ध जिले के डीटीपी और संबद्ध कोलोनाइजर के प्रतिनिधि होंगे। 2. लॉट्री की तिथि निर्धारित करने के बाद डेवलपर उसी समाचार पत्र में विज्ञापन देंगे जिसमें यह मूल विज्ञापन प्रकाशित होगा। विज्ञापन में आवेदकों को लॉट्री की तिथि और स्थान के विवरण दिए जाएँगे। 3. मानकों की पूरी जानकारी और आरंभिक जाँच और आवंटन के लिए निर्धारित समय सीमा के लिए आवेदक अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग पॉलिसी 2013 के विवरण देखें जो 19.08.2013 दिनांकित अधिसूचना सं. PF-27/48921 और उसमें संशोधन में उपलब्ध है। (विवरण विभागीय वेबसाइट tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध हैं)।

MEMBER

ORCHARD AVENUE 2
THE OASIS OF LIFE IN TOWN
SECTOR 93, GURUGRAM
UPSCALE

HAR PARIVAR EK GHAR

SIGNATURE BUILDERS PRIVATE LIMITED | CIN: U70101DL2011PTC220275
Regd. Office - 1309, 13th Floor, Dr. Gopal Das Bhawan, 28 Barakhamba Road, Connaught Place, New Delhi-110001
Corp. Office - Ground Floor, Tower A, Signature Tower, South City -1, Gurugram, Haryana-122001 | www.signatureglobal.in

HOME LOAN PARTNER

AVAIL INTEREST SUBSIDY BENEFITS OF RS. 2.67 LAC (APPROX) UNDER PMAY (PRADHAN MANTRI AWAAS YOJANA)**

7053-121-121



indianexpress.com



I unearth the truth to stay unbiased.

Inform your opinion with credible journalism.

The Indian Express. For the Indian Intelligent.

The Indian EXPRESS
JOURNALISM OF COURAGE



रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 38, *हवाई शुल्क :* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।

कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।



www.readwhere.com